राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 365
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 30 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट | पेज 3 प्रेम प्रसंग में युवती की गोली मारकर हत्या | पेज 4 इश्क का अंधा मोड़ और टूटता पारिवारिक संतुलन | पेज 6 विराट कोहली के निशाने पर सचिन तेंदुलकर के दो वर्ल्ड रिकॉर्ड

# भारत समेत दुनियाभर में हजारों फ्लाइट प्रभावित

- फ्रांसीसी कंपनी एयरबस की ए 320 सीरीज में गंभीर सॉफ्टवेयर गड़बड़ी की पहचान
- कंपनी के 55 साल के इतिहास में इतने बड़े पैमाने पर विमानों का ऑपरेशन रोका गया

**नई दिल्ली।** गंभीर सौर विकिरण के कारण दुनिया में सबसे लोकप्रिय एयरबस ए320 श्रृंखला के विमानों में सॉफ्टवेयर खराबी का खतरा बढ़ गया है। यह गड़बड़ी उड़ान नियंत्रण से जुड़े अहम डाटा को प्रभावित कर सकती है, जिससे विमान की ऊंचाई, दिशा और नियंत्रण जैसी महत्वपूर्ण गणनाएं गलत हो सकती हैं।

### छह हजार विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट का आदेश

कंपनी ने दुनियाभर में संचालित करीब छह हजार विमानों के सॉफ्टवेयर अपडेट का आदेश जारी किया है और अस्थायी रूप से इनके उड़ान संचालन पर रोक लगा दी है। एयरबस के 55 वर्ष के इतिहास में पहली बार इतना बड़ा तकनीकी हस्तक्षेप किया गया है।

फ्रांसीसी विमान निर्माता एयरबस ने बताया कि सौर विकिरण सॉफ्टवेयर संस्करण एल104 वाले एलिवेटर-एइलरान कंप्यूटर (ईएलएसी बी) को प्रभावित कर रहा है। यह कंप्यूटर विमान की ऊंचाई की गणना और उड़ान सतहों के नियंत्रण का महत्वपूर्ण




कार्य करता है। इसी कारण यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) ने शुक्रवार को इमरजेंसी एयरवर्दीनेस डायरेक्टिव (ईएडी) जारी करते हुए सभी प्रभावित विमानों में तत्काल मरम्मत की अनिवार्यता घोषित की।

30 अक्टूबर को कैनकन-नेवार्क उड़ान के दौरान जेटब्लू एयरवेज की फ्लाइट (बी6-1230) अचानक 35 हजार फीट की ऊंचाई से नीचे आने लगी। इस घटना में 15 यात्री घायल हुए और विमान को टांपा, फ्लोरिडा में आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी।

जांच में पाया गया कि सौर विकिरण के कारण ईएलएसी डाटा में आई गड़बड़ी से विमान का नियंत्रण प्रभावित हुआ था। हालांकि ऑटोपायलट सिस्टम ने समय रहते विमान को स्थिर ऊंचाई पर पहुंचा दिया।

एयरबस का कहना है कि ऐसी दूसरी कोई घटना सामने नहीं आई, लेकिन विश्लेषण से ए320सीईओ और ए320एनईओ श्रेणी के विमानों में व्यापक खतरे की पुष्टि हुई है।

ए320 विमानों में फ्लाई-बाय-वायर तकनीक का उपयोग होता है, जिसमें काकपिट से भेजे गए इलेक्ट्रानिक सिग्नल ईएलएसी जैसे कंप्यूटरों द्वारा प्रोसेस किए जाते हैं और इसके आधार पर एलिवेटर व एइलरान सतहें समायोजित होती हैं। सॉफ्टवेयर में छोटी सी त्रुटि भी उड़ान नियंत्रण प्रणाली को प्रभावित कर सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### असम में छह समुदायों को एसटी का दर्जा देने का विरोध जारी

**कोकराझार।** असम कैबिनेट द्वारा राज्य के छह अन्य समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने संबंधी रिपोर्ट को मंजूरी दिए जाने के विरोध में बोडोलैंड विश्वविद्यालय के छात्रों ने शनिवार को बीटीसी सचिवालय के सभा भवन में तोड़फोड़ की। अधिकारियों के अनुसार, आदिवासी छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर से बोडोलैंड क्षेत्रीय परिषद (बीटीसी) सचिवालय तक छह किलोमीटर लंबा मार्च निकाला। वे अवरोधक को पार कर सभा भवन में घुस गए। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने कुर्सियों और अन्य फर्नीचर को नुकसान पहुंचाते हुए सभा भवन में तोड़फोड़ की।

### राजस्थान : प्रेमी जोड़े पर पेट्रोल डालकर लगा दी आग

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर जिले के बाड़ोलाव गांव में प्रेमी जोड़े पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। आसपास के ग्रामीणों ने प्रेमी जोड़े को बचाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जोड़े को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डा.प्रदीप शर्मा ने बताया कि कैलाश 70 एवं सोनी 45 फीसदी झुलसी है। दूदू के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा ने बताया कि पुलिस ने मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जांच पूरी होने के बाद मामले का राजफाश किया जाएगा।

## 11 कुख्यात नक्सलियों ने हथियार डालकर किया सरेंडर

### 25 लाख का इनामी अनंत भी शामिल

- इन सभी माओवादियों पर लगभग 89 लाख रुपये का इनाम था

**जगदलपुर।** मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ (एमएमसी कारिडोर) में माओवादियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। शुक्रवार को 11 सक्रिय माओवादियों ने महाराष्ट्र के गोंदिया में समर्पण कर दिया।

इनमें संगठन का प्रवक्ता और स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य अनंत उर्फ विकास नागपुरे शामिल है, जिस पर 25 लाख रुपये का इनाम था। अन्य माओवादियों में आठ-आठ लाख के इनामी डिविजनल कमेटी (डीवीसी) सदस्य नागसु उर्फ गोलू और रानो उर्फ रम्मो भी शामिल हैं।

इन सभी माओवादियों पर लगभग 89 लाख रुपये का इनाम था। अनंत लंबे समय से एमएमसी जोन में सक्रिय रहा है। वह अंग्रेजी और कंप्यूटर संचालन में निपुण है और कई छद्म नामों से संगठन का संचालन करता रहा है।

अनंत और रानो पति-पत्नी बताए जाते हैं। कुछ दिन पहले अनंत ने तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर 1 जनवरी 2026 को सामूहिक आत्मसमर्पण की इच्छा जताई थी, जिसमें उसने सुरक्षा बलों से अस्थायी रूप से अभियान रोकने की शर्त रखी थी।

आत्मसमर्पण के दौरान माओवादियों ने एके-47, सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), इंसास और भारी मात्रा में विस्फोटक भी सौंपे।

## दिल्ली : चार मंजिला बिल्डिंग में आग, 4 लोगो की मौत

### जूतों की दुकान से भड़की; मरने वालों में बिल्डिंग का मालिक भी शामिल

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के टिगरी एक्सटेंशन में शनिवार शाम एक फुटवियर शॉप में भीषण आग लगने से भाई-बहन समेत 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि 2 घायल हैं। मरने वालों में बिल्डिंग का मालिक सतेंदर और उसकी बहन अनीता भी शामिल है। घायलों में से एक का नाम ममता है, वह 25 प्रतिशत जल गई है। बाकी की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

पुलिस के मुताबिक शाम 6 बजे उनके पास एक पीसीआर कॉल आया, जिसमें कहा गया कि टिगरी एक्सटेंशन में जूतों की दुकान में आग लगी है। आग ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया है।



इसके बाद आग बुझाने के लिए 4 फायर टेंडर भेजे गए थे। क्राइम और फोरेंसिक टीमों को जांच करने के लिए बुलाया गया। आग लगने की वजह का पता लगाने के लिए सबूत इकट्ठा किए जा रहे हैं।

## साइक्लोन दितवाह- तमिलनाडु में बारिश, 54 फ्लाइट्स कैंसिल

### पुडुचेरी यूनिवर्सिटी ने परीक्षाएं रोकीं; श्रीलंका में 123 लोगों की मौत, 200 भारतीय फंसे

**चेन्नई।** श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन दितवाह भारत की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के तटीय इलाकों में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं शुरू हो चुकी है। शनिवार शाम तक इसके और तेज होने की संभावना है।

तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण 54 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण शनिवार को छुट्टी घोषित करते हुए सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यनम में सभी स्कूल और कॉलेज सोमवार तक बंद रहेंगे।

श्रीलंका में दितवाह के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड से 123 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। 130 से ज्यादा लापता हैं। चेन्नई की फ्लाइट्स कैंसिल होने के कारण कोलंबो एयरपोर्ट पर लगभग 300 भारतीय यात्री पिछले तीन दिनों से फंसे हुए हैं। ये सभी दुबई से श्रीलंका के रास्ते भारत आने वाले थे।

### 30 नवंबर को तमिलनाडु-पुडुचेरी तट से टकराएगा दितवाह

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि साइक्लोन दितवाह 30 नवंबर को तमिलनाडु-पुडुचेरी के तट से टकराएगा। इसके कारण राज्यभर में भारी बारिश होगी। तमिलनाडु,आंध्र और पुडुचेरी में बाढ़ आ सकती है। पहाड़ी इलाकों में लैंडस्लाइड का खतरा है। इन इलाकों में अचानक सैलाब आ सकता है।

## नासिक में बन रहा साधु ग्राम, 1670 पेड़ काटे जाएंगे

**मुम्बई।** एमएनएस चीफ राज ठाकरे ने शनिवार को नासिक में कुंभ मेले से पहले साधु ग्राम बनाने के लिए पेड़ों को काटने का विरोध किया और कहा कि बीजेपी की सरकार को इस मामले को बढ़ने नहीं देना चाहिए। राज ठाकरे ने सरकार पर मौकापरस्ती करने का आरोप लगाया।

एमएनएस चीफ ने कहा कि सरकार कुंभ मेले के बहाने पेड़ों को काटने और फिर जमीन अपने पसंदीदा उद्योगपतियों को दान करने की योजना बना रही है। साधु ग्राम की प्लानिंग 31 अक्टूबर, 2026 से शुरू होने वाले कुंभ मेले से पहले तपोवन इलाके के 1,200 एकड़ में की जा रही है।

इस महीने की शुरुआत में 1,670 पेड़ हटाने के लिए मार्क किए गए थे, जिनमें से कुछ 100 साल से भी ज्यादा पुराने बताए जा रहे हैं।

### इमारतें ध्वस्त



अहमदाबाद में नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास आवासीय इमारतों को ध्वस्त करने के लिए उत्खनन मशीनों का इस्तेमाल किया गया।

## नेशनल हेराल्ड केस पर फैसला तीसरी बार टला

### ईडी चार्जशीट पर संज्ञान लें या नहीं, कोर्ट को तय करना है; आरोपियों में राहुल-सोनिया के नाम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला तीसरी बार टल गया है। कोर्ट का यह तय करना है कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लें या नहीं।

चार्जशीट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और दूसरे कई सीनियर कांग्रेसी नेताओं के नाम हैं।

ईडी ने इन नेताओं पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़ी फाइनेंशियल गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। यह कंपनी ही असल में नेशनल हेराल्ड अखबार पब्लिश करती थी।

कोर्ट ने 14 जुलाई को बहस पूरी होने के बाद फैसला 29 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रखा था। इसके बाद 8 अगस्त और 29 नवंबर को फैसला टला। अब कोर्ट 16 दिसंबर को फैसला सुनाएगी।



### अप्रैल में ईडी ने 661 करोड़ की संपत्तियां जब्त करने का नोटिस जारी किया था

ईडी ने अप्रैल में एक बयान में कहा कि उसने 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया है।

ईडी ने पीएमएलए एक्ट की धारा 8 और नियम 5(1) के अनुसार संबंधित संपत्ति रजिस्ट्रार को दस्तावेज सौंपे थे। ईडी ने कब्जे में लिए जाने वाली संपत्तियां खाली करने की मांग की थी।

इन अचल संपत्तियों के अलावा ईडी ने एजेएल के 90.2 करोड़ रुपए के शेयरों को नवंबर 2023 में अपराध की आय को सुरक्षित करने और आरोपी को इसे नष्ट करने से रोकने के लिए कुर्क किया था।

ईडी ने मुंबई के बांद्रा में हेराल्ड हाउस की 7वीं, 8वीं और 9वीं मंजिल पर स्थित जिंदल साउथ वेस्ट प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को भी नोटिस दिया गया, कि वह हर महीने किराया ईडी के निदेशक के पक्ष में ट्रांसफर करे।

### सोनिया-राहुल से घंटों हुई थी पूछताछ

जून 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से 5 दिनों में 50 घंटे पूछताछ हुई थी।

फिर 21 जुलाई 2022 में नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए। ईडी ने राहुल गांधी से भी जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी।

## चंडीगढ़ रोजगार्डन में दिनदहाड़े महिला की हत्या

### लेडीज बाथरूम में गला काटा, चाकू वहीं फेंका; लाश के पास मोबाइल भी मिला

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित रोज गार्डन के लेडीज बाथरूम में महिला की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। उसकी खून से लथपथ लाश बरामद हुई। लाश के पास ही चाकू भी पड़ा हुआ था।



महिला के गले पर गहरी चोटों के निशान मिले हैं। सबसे पहले बाथरूम गई दूसरी महिला ने यह लाश देखी। उसने तुरंत नजदीक खड़े ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को इसके बारे में सूचना दी। जिसके बाद कंट्रोल रूम में फोन कर अफसरों को सूना दी गई।

पुलिस ने फॉरेंसिक एक्सपर्ट के जरिए सबूत जुटाने के बाद लेडीज बाथरूम को सील कर दिया है। जिस वक्त हत्या हुई, वहां की महिला कर्मी भी अपने घर हरियाणा गई हुई थी।

महिला की लाश के पास एक पर्स भी मिला। जिसके जरिए ही पुलिस ने उसकी पहचान की। वहां से कोई मोबाइल भी बरामद हुआ। जिसकी भी पुलिस जांच कर रही है कि कत्ल से पहले उसके संपर्क में कौन-कौन था।

चंडीगढ़ पुलिस के डीएसपी दलवीर सिंह ने बताया कि मरने वाली महिला का नाम दीक्षा (30) है। वह चंडीगढ़ के सारंगपुर में रहती है। मौके से बरामद चाकू से फिंगर प्रिंट लेकर जांच की जा रही है।

## एमपी के 12 शहरों में पारा 10 से नीचे

### राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट; केदारनाथ में तापमान -15 , हिमाचल में 4-5 दिसंबर को बर्फबारी



**दिल्ली/भोपाल/जयपुर/शिमला/देहरादून।** पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी से मध्य प्रदेश में सर्दी फिर से बढ़ने लगी है। जबलपुर, ग्वालियर समेत राज्य के 12 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इंदौर, भोपाल, उज्जैन समेत कई जिलों में सुबह कोहरा छा रहा है। बीते 2 दिनों में हल्की बारिश के बाद राजस्थान में भी सर्दी बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद समेत 5 जिलों में रविवार को घना कोहरा छा सकता है। 1 दिसंबर से राज्य में शीतलहर का अलर्ट है। उत्तराखंड में शनिवार को बादल छाए रहे। पहाड़ी इलाकों का पाला गिर रहा है। केदारनाथ धाम का तापमान माइनस 15 दर्ज हुआ है। वहीं हिमाचल में 4-5 दिसंबर को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से बर्फबारी हो सकती है।

### दिल्ली धमाका

### अल-फलाह यूनिवर्सिटी में सीक्रेट लॉकर में छिपाए थे; सोने के 2 बिस्किट, जेवर, विदेशी करेंसी भी बरामद

## दिल्ली धमाका-आतंकी शाहीन के फ्लैट से 18.50 लाख मिले

**फरीदाबाद।** दिल्ली ब्लास्ट मामले की जांच नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी कर रही है। इसी कड़ी में आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉ. शाहीन सईद के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी के फ्लैट से 18.50 लाख कैश सहित सोने के बिस्किट और गहने मिले है। अलमारी से अरब देशों की करेंसी भी मिली है।

गुरुवार की रात को जांच एजेंसी शाहीन को लेकर अल-फलाह यूनिवर्सिटी पहुंची थी। टीम ने यहां पर उसकी गतिविधियों की जांच की। एनआईए सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अल-फलाह यूनिवर्सिटी के अंदर शाहीन का 22 नंबर फ्लैट है। इस फ्लैट में वह काफी समय तक रही।

जांच एजेंसी ने फ्लैट में रखी अलमारी का लॉक खुलवाया तो अंदर सीक्रेट लॉकर मिला। इसको खुलवाया गया तो अंदर कई पैकेट रखे हुए थे। इन पैकेट में 500-500 रुपए के नोट थे। टीम ने पैसे गिने तो ये 18.50 लाख रुपए निकले।

इधर, दिल्ली कार ब्लास्ट मामले में शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने धमाके के आरोपी डॉ. मुजम्मिल गनई, डॉ. अदील राथर, डॉ. शाहीन सईद और इरफान वागे को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




### सोने के 2 बिस्कुट, 300 ग्राम जेवर भी मिले

इसके बाद टीम ने अलमारी के दूसरे लॉकर की तलाशी ली। इसमें सोने के 2 बिस्कुट के साथ करीब 300 ग्राम सोने के गहने बरामद किए गए। सूत्रों ने ये भी बताया कि अलमारी से अरब देशों की करेंसी भी मिली है। डॉ. शाहीन के कई करीबी फंडिंग के लिए कई गैर-सरकारी संगठन के संपर्क में थे।

शाहीन वर्ष 2006 से 2013 तक जीएसवीएम मेडिकल कालेज कानपुर में फार्माकोलॉजी की प्रवक्ता और विभागाध्यक्ष थी।

एजेंसी की जांच में सामने आया कि एनजीओ के माध्यम से पैसा मंगाने वाले गिरोह का नेटवर्क खाड़ी देश बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात तक है।

### दस्तावेजों को जांच एजेंसी ने किया जब्त

जांच एजेंसी ने इसे बाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी के एडमिन ब्लॉक में जाकर शाहीन के नाम पर रजिस्टर एक लॉकर को खोलकर चेक किया। इसमें जांच टीम को कुछ दस्तावेज मिले है, जिनको कब्जे में ले लिया गया है। ये दस्तावेज क्या है, इनमें क्या मिला है? इसका अभी कोई खुलासा नहीं किया गया है। सूत्रों ने ये भी बताया कि शाहीन एजेंसी की जांच में सहयोग नहीं रही है। गुरुवार को जब उसको फरीदाबाद लाया गया तो वह टीम को लगातार बरगलाती रही।



### हैप्पी मॉर्निंग

डॉक्टर : आप की समस्या क्या है?
मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे सब लोग इग्नोर करते हैं।
डॉक्टर (नर्स से) : अगला मरीज भेजो। मरीज : मैं अभी बोल रहा हूं डॉक्टर साहब।
डॉक्टर : ओह, सॉरी आदत हो गई थी।



### शायरी

जो अपने शरीर की देखभाल नहीं करता,
वह अपनी आत्मा की देखभाल नहीं कर सकता।

### अर्थसार



संेसेक्स:
85,706.67
-13.71 (0.016%)
निफ्टी:
26,202.95
-12.60

### मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 23 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 08 डिग्री से0 |
| सूर्योदय सोमवार | : | 6 : 58 |
| सूर्यास्त रविवार | : | 5 : 26 |

# संपादकीय

## असम के स्कूलों की बदहाली : 1400 विद्यालयों में न पीने का पानी, न शौचालय; 28 हजार शिक्षक पद खाली

जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

असम के सरकारी स्कूलों की हालात देखकर किसी का भी दिल दहल जाए। एक तरफ केंद्र और राज्य सरकारें 'नई शिक्षा नीति-2020' और 'समग्र शिक्षा अभियान' के बड़े-बड़े दावे कर रही हैं, दूसरी तरफ हकीकत यह है कि राज्य के करीब 1,400 स्कूलों में आज भी पीने के पानी और शौचालय जैसी न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। साथ ही लगभग 28,000 शिक्षक पद वर्षों से खाली पड़े हैं। इन आंकड़ों को खुद शिक्षा विभाग ने हाल ही में विधानसभा में पेश किया है, जो राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर एक करारा तमाचा है।

### बिना पानी, बिना शौचालय के स्कूल

शिक्षा विभाग के अनुसार, इन 1,400 से अधिक स्कूलों में न तो हैंडपंप है, न पानी की टंकी और न ही पक्का नल कनेक्शन। कई स्कूलों में तो तालाब या नदी का गंदा पानी ही पीने के लिए इस्तेमाल करना पड़ता है। बारिश के दिनों में कीचड़ और सर्दियों में सूखे की मार झेलनी पड़ती है।

शौचालय की स्थिति और भी दयनीय है। सैकड़ों स्कूलों में एक भी शौचालय नहीं है। जहां हैं भी, वे टूटे-फूटे और गंदगी से भरे पड़े हैं। लड़कियों के लिए अलग शौचालय का तो नामोनिशान तक नहीं। नतीजा यह है कि किशोरावस्था में पहुंचते ही हजारों लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं। सर्वे बताते हैं कि असम में लड़कियों का ड्रॉपआउट रेट राष्ट्रीय औसत से कहीं ज्यादा है और इसका एक बड़ा कारण यही असुविधा है।

### 28 हजार शिक्षक पद खाली - एक शिक्षक, सौ बच्चे

शिक्षकों की कमी ने शिक्षा व्यवस्था की कमर तोड़ रखी है। प्रदेश में इस समय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर मिलाकर करीब 28,000 शिक्षक पद रिक्त हैं। कई स्कूलों में तो मात्र एक या दो शिक्षक पूरे स्कूल को संभाल रहे हैं। एक शिक्षक को एक साथ पहली से आठवीं तक की सभी कक्षाएं पढ़ानी पड़ती हैं। गणित, विज्ञान, अंग्रेजी जैसे विषय महीनों तक नहीं पढ़ाए जाते।

परिणामस्वरूप असम के बच्चे राष्ट्रीय स्तर के टेस्ट जैसे NAS और ASER में लगातार फिसड्डी साबित हो रहे हैं। पांचवीं कक्षा का बच्चा दूसरी कक्षा का गणित भी नहीं हल कर पाता। शिक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्षों से लटकी पड़ी है। TET पास हजारों अभ्यर्थी सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही।

### ग्रामीण और चाय बागान क्षेत्रों की विकट स्थिति

यह बदहाली शहरी स्कूलों तक सीमित नहीं है। ग्रामीण, पहाड़ी और चाय बागान क्षेत्रों के स्कूलों की हालत तो और भी खस्ता है। बोडो, राभा, मिशिंग, कार्बी और चाय जनजाति बाहुल्य इलाकों में सैकड़ों स्कूलों में बिजली तक नहीं है। बारिश होते ही छत टपकने लगती है, दीवारें गिरने की कगार पर हैं। कई स्कूल तो बांस-बल्लियों के अस्थायी ढांचे में चल रहे हैं।

### सरकार के दावे और जमीनी हकीकत

सरकार हर साल समग्र शिक्षा के तहत अरबों रुपये खर्च करने का दावा करती है, लेकिन यह पैसा कहां जा रहा है, कोई नहीं जानता। स्कूलों में नया फर्नीचर, न शुद्ध पेयजल योजना, न नियमित शिक्षक भर्ती। अधिकारियों का कहना है कि प्रस्ताव विचाराधीन हैं, टेंडर प्रक्रिया चल रही है, फंड की कमी है - यही पुराने बहाने सालों से दिए जा रहे हैं।

### आगे की राह

### शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मांग है कि

6 महीने के अंदर सभी स्कूलों में पेयजल और लड़के-लड़कियों के लिए अलग शौचालय अनिवार्य किए जाएं।

रिक्त 28,000 शिक्षक पदों पर तत्काल भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाए।

चाय बागान और आदिवासी क्षेत्रों के स्कूलों को विशेष पैकेज दिया जाए।

हर जिले में स्कूलों की स्थिति की त्रैमासिक समीक्षा विधानसभा में पेश की जाए।

जब तक ये बुनियादी समस्याएं हल नहीं होंगी, असम के लाखों बच्चे अंधेरे में ही हाथ-पैर मारते रहेंगे। शिक्षा का अधिकार कानून 2009 को लागू हुए 15 साल बीत चुके हैं, लेकिन असम के हजारों स्कूल आज भी उस अधिकार से वंचित हैं।

अब वक्त आ गया है कि सरकार दावों से उतरे और असम के स्कूलों को वाकई स्मार्ट बनाए - कम से कम पानी और शौचालय तो दे ही दे।

## भयावह जलवायु संकट

ब्राजील के बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट में उल्लेखित आंकड़े भारत से जुड़ी जलवायु संकट की भयावह तस्वीर दिखाते हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत दुनिया में जलवायु आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित पहले दस देशों में शामिल हैं। यह डराने वाली रिपोर्ट बताती है कि पिछले तीन दशक में भारत में आई जलवायु संकट से जुड़ी आपदाओं में करीब अस्सी हजार लोगों को मौत का ग्रास बनना पड़ा। इतना ही नहीं करीब 170 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान भी देश को उठाना पड़ा है। ये आंकड़े जलवायु संकट के देश पर पड़ने वाले घातक प्रभावों की तस्वीर उकेरते हैं। जो बताते हैं कि इस संकट से उबरने के प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है। निश्चित तौर पर इस दिशा में यदि युद्ध स्तरीय प्रयास तेज नहीं किए जाते तो भविष्य में परिणाम और घातक हो सकते हैं। ये प्रयास केवल सरकारी स्तर पर ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी तेज करने की जरूरत है। जागरूकता अभियानों में भी तेजी लाने की जरूरत है। इस संकट ने फसलों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव से हमारी खाद्य शृंखला पर भी संकट मंडरा सकता है। हमें 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का पेट भरने के लिये इस दिशा में शोध-अनुसंधान के साथ व्यापक किसान जागरूकता कार्यक्रम भी चलाने की जरूरत है।

दरअसल, जलवायु संकट के चलते देश में जो ज्यादा नुकसान हुआ है, उसके पीछे लगातार आ रहे चक्रवात, कुछ इलाकों में सूखे और बाढ़ की लगातार पैदा होती स्थितियां हैं। जाहिर इसके मूल में तेजी से बढ़ता वातावरण का तापमान ही है। जिसका मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग ही है। निश्चित रूप से भारत में जलवायु संकट की स्थिति लगातार विकट होती जा रही है। निर्विवाद रूप से देश के सामने पैदा मौसमी आपदाओं से हमारे विकास में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। जो जीविका संकट भी पैदा कर रहा है।

दरअसल, बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी की गई 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट उन संकटपूर्ण स्थितियों का भी खुलासा करती है जो जलवायु संकट के कारण पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि पिछले वर्ष भारी बारिश व विनाशक रूप में आई बाढ़ से देश में करीब अस्सी लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसमें दो राय नहीं कि भारत सरकार ने जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष अपनी प्रतिबद्धता बार-बार जतायी है। इस संकट से उबरने के लिये नवीकरणीय ऊर्जा के विकल्प को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास भी किया है। देश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने में नवीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

# नशे का बढ़ता प्रचलन एवं घातक कारोबार - एक गंभीर अलार्म

-ललित गर्ग -



भारत में नशीले पदार्थों का बढ़ता प्रचलन एवं बढ़ता घातक कारोबार आज एक भयावह राष्ट्रीय संकट बन चुका है। आये दिन विभिन्न राज्यों में नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेप बरामद होना इस संकट की भयावह तस्वीर उकेरता है।

यह समस्या किसी एक राज्य या किसी सीमित क्षेत्र की नहीं रही, बल्कि हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित पूरे देश में यह अपने विकराल रूप में फैल चुकी है। विशेष रूप से किशोर और युवा पीढ़ी जिस तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रही है, वह एक खतरनाक भविष्य की चेतावनी है। नशा आज केवल व्यक्तिगत बीमारी नहीं, बल्कि सामाजिक विनाश की प्रस्तावना बन चुका है। अंधेरी गलियों में भटकते युवा, परिवारों का टूटता संतुलन, अपराधों में वृद्धि और जीवन मूल्यों का क्षरण-ये सब नशे की महामारी के दुष्परिणाम हैं। अब वयस्क ही नहीं, किशोर भी नशे की चपेट में आ रहे हैं।

फिर वे अपने नशे के लिए पैसा जुटाने के लिये अपराध की गलियों गुम होते जा रहे है, तरह-तरह के अपराध कर रहे हैं। हाल ही के कुछ गंभीर अपराधों का खुलासा होने पर किशोरों ने स्वीकार किया कि वे नशे हेतु पैसा जुटाने के लिए अपराध करने निकले थे।

कमोबेश, ऐसा ही संकट नकली दवाइयों की आपूर्ति का भी है। पिछले दिनों देश के कई राज्यों में घातक कफ सिरप पीने से कई बच्चे अपनी जान गंवा बैठे।

इस आसन्न संकट को महसूस करते हुए नकली दवाइयों और मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए सात राज्यों के ड्रग्स कंट्रोलरों, पुलिस और सीआईडी अधिकारियों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसका मकसद इन अधिकारियों को एक मंच पर लाकर कार्रवाई को अधिक कारगर बनाना था। यह स्वागत योग्य है कि देश में पहली बार सात राज्यों ने इस संकट को महसूस करते हुए इस दिशा में साझी पहल की। निश्चित ही यह सम्मेलन इस घातक एवं गंभीर होती समस्या के समाधान में रोशनी बनेगा।

नशीले पदार्थों व नकली दवाइयों का कारोबार मात्र एक राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि इससे कई राष्ट्रीय मुद्दे भी जुड़े हैं।


पंजाब व देश के समुद्री सीमा से जुड़े राज्यों में नशीले पदार्थों की जो बड़ी खेपें बरामद हुई हैं, उसने पूरे देश की चिंता बढ़ाई है। सवाल यह भी उठा है कि यदि नशीले पदार्थों की इतनी बड़ी मात्रा बरामद हुई है तो चोरी-छिपे कितनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ देश में पहुंच रहा होगा। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में सीमा पार से ड्रोन के जरिये लगातार नशीले पदार्थ व हथियार भेजने के मामले प्रकाश में आए हैं। हाल के वर्षों में सामने आए आंकड़े बताते हैं कि ड्रग व्यापार अब किसी सीमित भौगोलिक दायरे तक सीमित नहीं रहा। पंजाब, जिसकी आबादी देश की कुल आबादी का मात्र ढाई प्रतिशत है, वहां से देश में बरामद होने वाली हेरोइन का लगभग आधा हिस्सा पकड़ा गया है। यह अकेला तथ्य बताने के लिए पर्याप्त है कि नशीले पदार्थों का नेटवर्क कितना गहरा, विस्तृत और संगठित हो चुका है। हरियाणा की सीमावर्ती जिलों में पिछले पाँच वर्षों के दौरान राज्य के कुल ड्रग मामलों का लगभग नब्बे प्रतिशत भाग सामने आया है, जो स्पष्ट संकेत देता है कि तस्करी का रास्ता राज्यों की सीमाओं से गुजर कर पूरे समाज में फैलता जा रहा है। इसी प्रकार राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण बताते हैं कि नशे की आदत अब केवल युवाओं तक सीमित नहीं, बल्कि लाखों बच्चे और किशोर और विशेषत: महिलाएं-युवतियां विभिन्न नशीली वस्तुओं के संपर्क में आ चुकी हैं। यह स्थिति सिर्फ चिंता का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की अगली पीढ़ी के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी है। नशे की गिरफ्त में फंसकर बच्चे और युवा मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और शैक्षणिक जीवन में बुरी तरह पिछड़ रहे हैं। परिवार टूट रहे हैं, आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है, और अपराधों का ग्राफ निरंतर बढ़ता जा रहा है। नशे की वजह से चोरी, लूट, हिंसा, हत्या और यौन अपराध तक बढ़ते जा रहे हैं।

समस्या का यह दूसरा पहलू भी उतना ही भयावह है कि नशे का व्यापार अब सामान्य चोरी-छिपे किए जाने वाला धंधा नहीं रहा, बल्कि विशाल और संगठित तस्करी-तंत्र में बदल चुका है। ड्रोन के माध्यम से ड्रग तस्करी, अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क, नकली दवाओं का उत्पादन, कफ सिरप व अन्य औषधियों के दुरुपयोग का व्यापक कारोबार-ये सभी संकेत हैं कि नशा भारत के सामाजिक ढांचे को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। ड्रग माफिया, अपराधी गिरोह, भ्रष्ट तंत्र एवं पडोसी देश मिलकर एक ऐसी समानांतर व्यवस्था चला रहे हैं, जो कानून, नैतिकता और मानवीय जीवन के लिए बेहद खतरनाक है। चंडीगढ़ में आयोजित महत्वपूर्ण सम्मेलन में कई ऐसे तथ्य सामने आए जिन्होंने सभी को हिला दिया। यह स्पष्ट रूप से महसूस किया गया कि अब नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक राज्य की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की प्राथमिकता है। राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी इस बात पर सहमत दिखे कि यदि अब भी सख्त और संगठित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में हालात और भयावह हो सकते हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि नशे का यह संकट भारत की सामाजिक संरचना, युवाशक्ति और राष्ट्रीय प्रगति को गहरी चोट पहुँचा रहा है। इस अनियंत्रित होते भयावह संकट को रोकने के लिए सरकार, पुलिस, न्याय तंत्र, समाज और परिवार-सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। सिर्फ कानून बनाकर और कभी-कभार छापामारी करके इस समस्या का समाधान संभव नहीं। सबसे पहले कानूनों को मजबूत करने और उनके कठोर क्रियान्वयन की आवश्यकता है। ड्रग तस्करी, नकली दवाइयों का निर्माण और अवैध वितरण के खिलाफ ऐसी दंडात्मक व्यवस्था होनी चाहिए कि अपराधी इसके परिणामों से भयभीत हों। मौजूदा समय में कई बार अपराधी मामूली सजा या जमानत पर छूट जाते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है और अवैध कारोबार और तेजी से फैलता है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि कानून कठोर हों और उनका पालन बिना किसी समझौते के हो। दूसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र है-नशामुक्ति और पुनर्वास। नशे की गिरफ्त में आए लोग सिर्फ अपराधी नहीं, बल्कि पीड़ित भी हैं। परिवार, समाज और सरकार को उन्हें समझना, सहारा देना और पुनर्वास का रास्ता उपलब्ध कराना आवश्यक है। देश में नशामुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन उनकी गुणवत्ता, सुविधाओं, चिकित्सा सहायता, काउंसलिंग और पुनर्वास कार्यक्रमों को और मजबूत करने की जरूरत है। नशे से बाहर आने वाले व्यक्ति को नये जीवन की शुरुआत के लिए सामाजिक सम्मान, परिवार का सहयोग और रोजगार के अवसर मिलना आवश्यक है; वरना वे दोबारा उसी अंधेरी राह में लौट जाते हैं।

यह समय चेतावनी का समय है। यदि आज हमने नशे की इस राष्ट्रीय महामारी को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें माफ नहीं करेंगी। नशा मानवता का शत्रु है। यह युवा शक्ति को अंधेरे में धकेलता है, परिवारों को तोड़ता है, राष्ट्र की प्रगति को रोकता है। इसलिए आज एक ही संकल्प होना चाहिए कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई को हम केवल सरकारी प्रयासों पर न छोड़ें, बल्कि इसे अपनी सामूहिक जिम्मेदारी मानें। सरकार से यही अपेक्षा है कि वह नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के खिलाफ अधिक कठोर, अधिक पारदर्शी और अधिक प्रभावी नीति बनाए तथा उसका निष्ठापूर्वक पालन सुनिश्चित करे। समाज से यही अपेक्षा है कि वह नशे को शर्म का नहीं, जागरूकता और उपचार का विषय बनाए। और युवाओं से यही निवेदन है कि वे समझें-नशा न शक्ति देता है, न सुख; यह केवल जीवन और भविष्य को छीन लेता है। अब समय आ गया है कि भारत नशे के इस संकट को रोकने के लिए एकजुट होकर निर्णायक कदम उठाए। यही राष्ट्रहित है, यही समाजहित है और यही मानवता के भविष्य की रक्षा है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3725




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3724 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन अपने दोस्त नरेश से बोला- क्या बात है, आजकल तुम्हारी प्रेमिका अक्सर चुप-चुप ही रहती है? तुमने उसे डाँटा क्या?

नरेश- नहीं यार! मेरी क्या मजाल है जो मैं उस डाँट सकूँ। दरअसल हुआ यूँ कि एक दिन हम दोनों फोटो खिंचवा रहे थे, तो फोटोग्राफर ने मेरी प्रेमिका से कहा 'जब आप चुप रहती हैं, तो एकदम कैटरीना की तरह दिखती है।'

□ □ □

एक भीड़ भरी खचाखच बस में एक युवती को जोर से धक्का लगा। युवती झल्लाई और पीछे खड़े युवक को चिल्ला कर बोली, जान वर हो क्या?

युवक ने रोमांटिक अंदाज में जवाब दिया- जान तो आप हैं, मैं तो बस आपका ही वर हूँ।


□ □ □

एक बार स्वीमिंग पुल के किनारे कपड़े रखे थे और वहाँ एक कागज का पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मेरे कपड़े मत चुराना- बॉक्सिंग चैंपियन रमन।

जब वह तैर कर बाहर निकला, तो देखा वहाँ से उसके कपड़े गायब थे और एक पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मुझे पकड़ने की कोशिश मत करना- मैराथन चैंपियन चमन।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3725



### बायें से दायें:-

१. शाहरूख, अपूर्व अग्निहोत्री, महिमा की 'किसी रोज तुम से' गीत वाली फिल्म-४
४. 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली धर्मेन्द्र, जीनत अमान की फिल्म-४
६. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मुझे दुनियावलों शरबी' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
११. अजय, सैफ, विवेक, करीना, बिपाशा की 'बीड़ी जलई' गीतवाली फिल्म-४
१३. 'आ ये हसीना रात' गीत वाली जीतेंद्र, आदित्य, एकता की फिल्म-४
१६. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आँखों से दिल में' गीत वाली फराज खान, सुमन रंगनाथन की फिल्म-३
१८. दिलीपकुमार, सायरा की 'सारे शहर में आपसा कोई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रात दुल्हन बनी चाँद दूल्हा बना' गीत वाली जीतेंद्र, बिस्वजीत, माला सिन्हा, मुमताज की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, संजीव, शर्मिला की 'जिंदगी है क्या बोलो' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'दिल गम से' गीत वाली विजय, सुरैया की फिल्म जो सुरैया की अंतिम फिल्म थी-२
२६. संजयदत्त, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम दीवानों को' गीत वाली फिल्म-२
२७. आमिर, ममता कुलकर्णी की 'बाजी' में मुख्यमंत्री विश्वासराव चौधरी की भूमिका किसने की थी-२,३
२८. सनी, सुनील शेट्टी, शिल्पा की 'कोई परी आती नहीं' गीत वाली फिल्म-२
२९. फिल्म 'सात रंग के सपने' में अरविंद स्वामी के साथ नायिका कौन थी-२

### ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, शाहरूख, सुनील, रानी, जूही की फिल्म-३
२. 'दुनिया में ऐसा कहाँ सबका नसीब' गीत वाली फिल्म-३
३. नसीरूद्दीनशाह, पूजा भट्ट की फिल्म-२
४. 'आते जाते हुए मैं सब पे नजर' गीत वाली फिल्म-२
५. इंद्रकुमार, आयशा जुल्का की फिल्म-३
७. आर्यन वैद, सोनाली कुलकर्णी की मकरंद देशपांडे निर्देशित फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
१०. 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
११. अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
१२. 'लम्हा लम्हा जिंदगी है' गीत वाली फिल्म-४
१३. मोहित अहलावत, निशा की फिल्म-२
१४. 'ये वादा करो चाँद' गीत वाली फिल्म-४
१५. मनोज बाजपेयी, रेखा, करिश्मा की फिल्म-३
१६. 'हम दर्द के मारों का इतना ही' गीत वाली फिल्म-२
२०. धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा की फिल्म-३
२१. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली फिल्म-३
२२. आफताब शिवदासानी, अमीषा पटेल, एशा देओल की फिल्म-४
२३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली फिल्म-३
२४. जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२५. 'इंतहा हो गई इंतजार की' गीत वाली अमिताभ, जया प्रदा की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3724



## सूडोकु -3725


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3724 का हल



## शब्द पहेली - 3725



### बाएँ से दाएँ

1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य-5
4.आज्ञापत्र, पतंगा-4
7.शरीर, बदन-2
8.होशियार, हुनरमंद-3
9.नस, नाड़ी-2
10.तीर रखने का पात्र-4
11.गधा, गर्दभ-2
13.जो बंदी हो-3
14.पत्नी, भार्या-2
15.दृष्टि, निगाह-3
17.खैरात, दक्षिणा-2
19.अपने ही घर में कैद होना-5
22.भाग्यवाला-5
25.जी, इच्छा-2
26.तन, काया-3
28.दुनिया, संसार-2
29.वेतन-3
30.भीगा हुआ-2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी-4
34.परिणाम,हल,फ्रूट-2
36.सचेग-3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म-2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी-4
39.निरस्त करना-2,3

### ऊपर से नीचे

1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म-2
2.रवि, सूर्य-3
3.तमाशा देखनेवाले-5
4.परीक्षण,जांच-3
5.सप्ताह का दिन-2
6.जो नापसंद हो (उर्दू-4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म-2,3
10.भाग्य,किस्मत-4
12.क्रिकेट में बनते हैं-2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म -3
17.खुजली-2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना-2
20.आवश्यक-3
21.कैदी, बंधक-2
22.इसाई साध्वी-2
23.बालकपन-4
24.असावधान-5
25.महासमुद्र-5
26.सज्जनता, भद्रता-4
27.अभिषेक की फिल्म-2
31.मुद्दा (उर्दू-3)
33.वाचन करनेवाला-3
35.उद्देश्य-2
37.आगमन,आने का भाव-2

### शब्द पहेली -3724 का हल




# प्रेम प्रसंग में युवती की गोली मारकर हत्या

## बीस दिनों हत्या की तीसरी वारदात, पुलिस के लिए बनी गंभीर चुनौती

**नोएडा। वकार सैफी।** एक प्रेम प्रसंग के मामले ने खूनी मोड़ ले लिया, जहां एक युवती को उसके पुरुष मित्र ने ही गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। मामला थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर 85 स्थित याकूबपुर का है। सूचना मौके पर पहुंची थाना फेज -2 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी प्रेमी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठन की गई है।

बता दे कि सेंट्रल नोएडा के डीसीपी ने बताया, कि कृष्णा नामक व्यक्ति अपनी प्रेमिका के सेक्टर 85 स्थित याकूबपुर में स्थित किराए के कमरे में गया और वहीं पर इस घटना




को अंजाम दिया। गोली लगने के बाद युवती को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मौके पर पहुंची थाना फेज -2 पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया और साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी कृष्णा के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और जगह-जगह दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही अभियुक्त सलाखों के पीछे होगा। प्रेम प्रसंग में हुई इस हत्या के साथ ही थाना फेज 2 क्षेत्र मे बीस दिनों के अंदर तीन हत्याएं हो चुकी हैं, 8 नवंबर को ई-रिक्शा चालक गोलू की हत्या, पिछले सप्ताह एक किशोर की गला दबाकर की गई थी। पुलिस इन दोनों मामलों में हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन लगातार हो रही हत्याएँ पुलिस के लिए चुनौती बनती जा रही है।

## नोएडा एयरपोर्ट पर सुरक्षा मानकों की अंतिम जांच की जा रही

ग्रेटर नोएडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निरीक्षण के बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा मानकों की अंतिम जांच की जा रही है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की टीम शनिवार को जांच करने पहुंची। रविवार को भी जांच होगी। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो को दो दिसंबर तक अपनी रिपोर्ट महानिदेशालय नागर विमानन (डीजीसीए) को सौंपनी है। इसके बाद ही चार दिसंबर तक एयरपोर्ट के लिए एयरोड्रोम लाइसेंस जारी हो सकेगा। बीते गुरुवार को निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने एयरोड्रम लाइसेंस जारी करने में आ रही अड़चनों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए थे, ताकि एयरपोर्ट का उद्घाटन जल्द से जल्द हो सके।अधिकारी के मुताबिक नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार और शनिवार को एयरपोर्ट पर पहुंचकर सुरक्षा मानकों की गहन जांच की।

# नोएडा पुलिस 'मिशन सहयोग' के तहत लौटाए 101 फोन

**सर्विलांस और आईएमआईई नंबर को ट्रैक कर मिली लोकेशन, वापस पाकर हो गए खुश**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस बोल रही है, जो फोन आप यूज कर रहे है उसका असल मालिक कोई और है। इसे वापस लौटा दीजिए। इस तरह से बात करके मिशन सहयोग के तहत 101 मोबाइल नोएडा वासियों को उनके सुपुर्द किए गए।

ये मोबाइल सिर्फ दिल्ली एनसीआर नहीं बल्कि राजस्थान, गुजरात, हरियाणा से रिकवर किए गए। हालांकि लोगों ने काफी सपोर्ट किया और फोन नोएडा भेजे। इनमें से कुछ ऐसे भी थे, जो मान नहीं रहे थे। उनको लीगल एक्शन का डर भी दिखाया गया। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इस तरह से करके करीब 101 मोबाइल रिकवर किए गए। इन मोबाइल को उनके रियल आर्नर को दिया गया।

### कैसे रिकवर किए गए मोबाइल

डीसीपी ने बताया कि सबसे पहले गुमशुदा हुए या चोरी की शिकायतों को निकलवाया गया। उनके फोन के ईएमआई नंबर को ट्रैक किया गया। जिसमें से करीब 101 लोगों के फोन अलग-अलग स्थानों पर चलते पाए गए। डेटा बेस के जरिए मोबाइल में चल रहे नंबर को निकाला गया। उनको आपसी सहयोग मिशन के तहत फोन किया गया और फोन रिकवर किए गए।

पिछली बार 100 मोबाइल फोन इसी मिशन सहयोग के तहत लोगों को वापस दिलाए गए गए थे। डीसीपी ने बताया कि ये अभियान आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि ये मोबाइल भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटो, बसों, सुबह-शाम टहलते समय मोबाइल गिर जाते थे या कहीं छूट जाते थे। जिनके संबंध में सेंट्रल नोएडा जोन के सभी थानों में गुमशुदगी दर्ज थी।

# दनकौर पीएचसी में डॉक्टर-स्टाफ नदारद

## करप्शन फ्री इंडिया ने निरीक्षण कर विरोध जताया

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। संगठन ने शनिवार को स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया, जहां डॉक्टर समेत पूरा स्टाफ लगभग एक घंटे तक ड्यूटी से नदारद मिला।

संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रधान के नेतृत्व में की गई इस मुहिम के दौरान कई ग्रामीण मरीज उपचार के लिए सुबह से केंद्र पहुंचे थे। मरीजों को न तो डॉक्टर मिले और न ही पैरामेडिकल स्टाफ। प्रेम प्रधान ने बताया कि मरीजों ने प्रभारी के अक्सर देर से आने और दवाइयों की कमी की भी शिकायत की। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि अस्पताल परिसर में शौचालय की व्यवस्था नहीं थी और चारों ओर गंदगी फैली हुई थी। मरीजों के बैठने के लिए रखी कुर्सियां और अन्य फर्नीचर भी टूटे पड़े थे, जिससे मरीजों को असुविधा हो रही थी।

इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड टेस्ट लैब तो मौजूद है, लेकिन वहां कोई लैब ऑपरेटर नियुक्त नहीं है।

मरीजों के लिए एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध नहीं पाई गई, जिससे आपात स्थिति में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने स्वास्थ्य सेवाओं की इस दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

# ऑनलाइन ऐप्स के माध्यम से गांजा तस्करी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

## तीन अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 10 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने ऑनलाइन ऐप्स के माध्यम से गांजा तस्करी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए योगेंद्र प्रताप सिंह, पुत्र शिवनंदन सिंह मूल निवासी ग्राम रोहिली थाना तालग्राम जिला कन्नौज हाल पता बहलोलपुर गली नंबर 22 थाना सेक्टर-63 नोएडा, सूरज उर्फ रुद्र पुत्र वीरेंद्र पासवान मूल निवासी ग्राम चरघाट चिनार जिला नालंदा बिहार हाल निवासी गली नंबर 9 गढ़ी चौखंडी थाना फेस थ्री नोएडा, शिवकेश त्रिपाठी पुत्र रामकुमार त्रिपाठी मूल निवासी उबरीखेड़ा पोस्ट कमालपुर थाना पचदेवरा जिला हरदोई हाल निवासी गली नंबर 11 गढ़ी चौखंडी थाना फेस थ्री नोएडा को एफएनजी सर्विस रोड सेक्टर-123 नोएडा से शनिवार को गिरफ्तार कर



लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस 10 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा, नामी-ग्रामी कंपनियों की कवर पैकिंग पॉलीथीन और अन्य पैकिंग मैटेरियल बरामद किया है। अभियुक्तगण कॉलेजों एवं कॉर्पोरेट ऑफिसों के आसपास छुट्टी एवं लंच के समय जाकर लोगों को ऑनलाइन माध्यम से गांजा उसी की लोकेशन पर उपलब्ध कराने का प्रचार करते थे तथा अपना मोबाइल नंबर उन्हें दे देते थे। ऑनलाइन ऐप्स के माध्यम से उनकी लोकेशन एवं ऑर्डर प्राप्त कर ऑनलाइन भुगतान ले लेते थे। इसके बाद ऑनलाइन डिलीवरी ऐप्स की तर्ज पर पैकिंग पॉलीथीन का उपयोग कर गांजा पैक करते तथा निर्धारित लोकेशन पर पहुँचा देते थे। ऐसा करने से यदि डिलीवरी के दौरान कोई पकड़ा जाता तो राइडर ही पकड़ा जाता था और ये लोग बच निकलते थे। अभियुक्तगण एनसीआर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर गांजा सप्लाई करते थे तथा पैकिंग के लिए नामी-ग्रामी कंपनियों की कवर पैकिंग पॉलीथीन और उस पर फर्जी ऑर्डर रसीद लगाते थे जिससे किसी को शक न हो। मुख्य अभियुक्त योगेंद्र प्रताप सिंह पूर्व में नोएडा की एक निजी कंपनी में कार्यरत था। वहीं उसके साथी कुछ लोग मादक पदार्थों का सेवन करते थे।

इसी क्रम में उसने स्वयं गांजा उपलब्ध कराना शुरू किया और धीरे-धीरे एनसीआर क्षेत्र में इसकी सप्लाई बढ़ाने लगा।अभियुक्तगण शातिर किस्म के गांजा तस्कर है।जो नोएडा एवं एनसीआर क्षेत्र में अवैध रूप से गांजे की तस्करी करते हैं। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# अवैध हथियारों की तस्करी करने वाला गैंग चढ़ा पुलिस के हत्थे, पांच गिरफ्तार

## कब्जे से तीन पिस्टल मय 160 जिन्दा कारतूस, तीन तमंचे मय छः कारतूस जिन्दा, दो कार सहित नगद रूपये बरामद

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दनकौर पुलिस को शुक्रवार को गोपनीय सूचना प्राप्त हुयी कि एक बिना नम्बर प्लेट की काली स्कोर्पियो कार तथा नीले रंग की बलेनो कार में सवार कुछ अभियुक्त बुढिया गोल चक्कर के पास सुनसान जगह गाडी़ को लगाकर अवैध असलाह व कारतूसों की बिक्री/तस्करी करने के लिए रूके हुए है। जो नोएडा, ग्रेटर नोएडा व इसके आसपास के क्षेत्रों में अवैध असलाह व कारतूस की सप्लाई करते है। उक्त सूचना पर थाना दनकौर पुलिस द्वारा बुढिया गोल चक्कर दनकौर से निर्माणाधीन जेपी प्रोजेक्ट की तरफ



सुनसान जगह के पास से पाँच अभियुक्तों गजेन्द्र उर्फ गजे, सुमित कुमार उर्फ गुण्डा, सागर भाटी, हर्ष सिंघल, निखिल भाटी को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने तीन पिस्टल 32 बोर मय 160 कारतूस जिन्दा, तीन तमंचे तीन सौ पन्द्रह बोर मय छः कारतूस जिन्दा, एक स्कार्पियो, एक बैलेनो सहित पचास हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। अभियुक्तगण से बरामद भारी मात्रा में अवैध हथियार रखने के बारे में पूछताछ की गयी तो बताया कि हम लोग असलाह व कारतूस खरीदने बेचने का काम करते हैं। हम असलाह व कारतूस मथुरा के रहने वाले बंटू से खरीदते हैं तथा बंटू हमें आर्म्स एंड एमूनेशन की दुकान जो कि मंडी चौराहा मथुरा में है वहाँ से कारतूस उपलब्ध कराता है। असलाह व कारतूस को कम दामों में खरीदकर अधिक रूपयों में बेचकर मुनाफा कमाते है और अपनी मौज मस्ती व शौक पूरे करते है। बरामद 50 हजार रूपये असलाह व कारतूस को खरीदने व बेचने से मुनाफा कमाये हुए रूपये है। फरार अभियुक्त बंटू व अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# नोएडा में रिटायर्ड शिक्षक से 9.58 का फ्रॉड

**नोएडा।** साइबर ठगों ने आईजीएल बिल जमा नहीं होने के झांसा देकर रिटायर्ड शिक्षक का बैंक खाता खाली कर दिया। ठगों ने ऑनलाइन बिल जमा कराने के बहाने खुद लिंक भेजकर एप डाउनलोड कराई। फिर शिक्षक के बैंक खाते से 9.58 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। नोएडा सेक्टर 50 के रहने वाले आदित्य कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। उन्होंने घर पर आईजीएल गैस कनेक्शन लिया हुआ है। 25 नवंबर की शाम उनके पास आईजीएल कर्मी बनकर एक ठग ने फ़ोन किया। पिछले महीने के गैस बिल का भुगतान नहीं होना और दो घंटे में कनेक्शन कटने की चेतावनी दी। आदित्य ने बिल जमा कराने की बात कही, लेकिन कर्मी अपनी बात पर अड़ा रहा। तकनीकी दिक्कत के चलते विभाग को पेमेंट नहीं होने का दावा किया। बुजुर्ग आदित्य बातों-बातों में समाधान पूछ बैठे तो ठग ने घर बैठे ही एप पर पेमेंट करने का सुझाव दिया। इसी बीच वाट्स अप पर एक लिंक भेजकर डमी एप डाउनलोड करा ली। फिर क्या था। ठगों ने आदित्य के मोबाइल का पूरा नियंत्रण अपने हाथों में ले लिया। आदित्य को बातों में उलझाए रखा।

# जयंत चौधरी ने दनकौर में स्टेडियम का शिलान्यास किया



**जेवर।** केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शनिवार शाम ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित किसान आदर्श इंटर कॉलेज में एक इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास किया। 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस स्टेडियम के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने भट्टा-पारसौल के किसानों पर दर्ज मामलों को लेकर भी बयान दिया।

पत्रकारों से बातचीत में जयंत चौधरी ने स्पष्ट किया कि भट्टा-पारसौल आंदोलन से जुड़े किसानों पर दर्ज मामले उनके कहने से नहीं, बल्कि कानूनी प्रक्रिया के तहत ही वापस लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और देश के विकास के लिए बच्चों को स्कूल में खेल सिखाना आवश्यक है। दनकौर के आसपास एयरपोर्ट और यूनिवर्सिटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट बन रहे हैं, लेकिन यहां खेल सुविधाओं पर काम नहीं हुआ था।

प्रबंधन समिति की मांग पर उन्होंने सांसद निधि से स्टेडियम निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये दिए। उन्होंने समिति से अपील की कि इसे एक धरोहर की तरह बनाया जाए, ताकि बच्चे बॉक्सिंग और बैडमिंटन जैसे खेलों में देश के लिए पदक जीत सकें।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने नोएडा में युवाओं के लिए सिंथेटिक ट्रैक बनाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा और लोकदल ने मिलकर किसानों और हर जाति के विकास के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री ने किसानों की पीड़ा समझते हुए गन्ने के मूल्य में वृद्धि की है।

# ट्रैफिक पुलिस ने हेलमेट तोड़कर दिए नए हेलमेट

## रोटरी क्लब के साथ मिलकर चलाया विशेष अभियान, लोगों को बांटे गए हेलमेट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर ट्रैफिक पुलिस और रोटरी क्लब ने मिलकर यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को नए हेलमेट वितरित किए गए। साथ ही, खराब गुणवत्ता वाले हेलमेट पहने लोगों को उनके हेलमेट तोड़कर सुरक्षा का महत्व समझाया गया।

अभियान के तहत, जिन लोगों ने चालान से बचने के लिए स्थानीय या घटिया हेलमेट पहने थे, पुलिस ने उन्हें बताया कि ऐसे हेलमेट जान नहीं बचा सकते। पुलिस ने उनके पुराने हेलमेट तोड़कर उन्हें कंपनी के अच्छे हेलमेट



उपलब्ध कराए। रैपिडो और अन्य बाइक सवारों को भी आम लोगों को अच्छे हेलमेट उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। डीसीपी यातायात परवीन रंजन ने दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उनसे बात की और हेलमेट वितरित किए। उन्होंने चालकों को संबोधित करते हुए कहा, ये हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं हैं, बल्कि ये आपकी सुरक्षा और जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनका इस्तेमाल सुनिश्चित करें ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में गंभीर चोट से बचा जा सके।

इस पहल के दौरान, यातायात पुलिस कर्मियों ने उन दोपहिया वाहन चालकों को भी रोका जो खराब गुणवत्ता वाले या टूटे हुए हेलमेट पहने हुए थे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें सुरक्षित हेलमेट की सही गुणवत्ता और मानक समझाए। पुराने हेलमेट को तोड़कर यह प्रदर्शित किया गया कि वे कितनी आसानी से टूट जाते हैं, जिसके बाद उन्हें तुरंत नए, उच्च गुणवत्ता वाले हेलमेट वितरित किए गए।

## दो किशोरियों संदिग्ध हालात में लापता

**ग्रेटर नोएडा।** कासना और बादलपुर कोतवाली क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में दो किशोरियों लापता हो गईं। परिजनों ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है। कासना में सुरेंद्र कुमार परिवार के साथ रहते हैं। सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी 27 नवंबर से लापता है। वह इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। बादलपुर क्षेत्र के धूम मानिकपुर गांव में अनिल कुमार परिवार के साथ रहते हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी 15 नवंबर से लापता है।परिजनों के काफी तलाशने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पिता ने पुलिस से बेटी को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है।

# यमुना प्राधिकरण के खिलाफ किसानों की महापंचायत

**लंबित मुद्दों पर समाधान न होने पर जताया रोष**

**जेवर।** शनिवार को रबपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के फलैदा कट पर भारतीय किसान यूनियन महासभा ने एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया। यह महापंचायत यमुना प्राधिकरण से जुड़े लंबित किसान मुद्दों के समाधान न होने के विरोध में बुलाई गई थी।

किसानों में इस बात को लेकर रोष था कि 12 नवंबर की पिछली महापंचायत के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी के नेतृत्व में हजारों किसान और सैकड़ों वाहनों का काफिला महापंचायत में पहुंचा।

मंच से संबोधित करते हुए गीता भाटी ने शासन-प्रशासन को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसानों का धैर्य अब समाप्त हो चुका है और यदि यमुना प्राधिकरण से जुड़े सभी मुद्दों पर तत्काल और लिखित समाधान नहीं दिया गया, तो आंदोलन आर-पार का रूप लेगा।

भाटी ने यह भी स्पष्ट किया कि आगामी रणनीति सभी किसान संगठनों के साथ मिलकर तैयार की जाएगी और संघर्ष पूरी तरह कानूनी व शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा में कार में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-76 में एक कार में आग लग गई। आग डीजल टैंक में लगी। जिससे तेजी से आग फैली। गनीमत रही कि आग लगते ही चालक और उसमें बैठे लोग गाड़ी से कूद गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया जा सका। आग से कार जलकर पूरी तरह से राख हो गई। वहीं उसमें बैठे लोग पूरी तरह से सुरक्षित है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-76 के यू टर्न पर एक टाटा सफारी में अचानक लग गई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि इसका डीजल टैंक लीक हो गया था। जिससे डीजल सड़क पर गिर रहा था। आग लगते ही सड़क पर भी आग फैल गई। उस समय आसपास कोई गाड़ी नहीं थी अन्यथा वो भी चपेट में आ आ जाती। बताया कि टाटा सफारी से एक परिवार सेक्टर-104 से महागुन एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। इस दौरान सेक्टर-76 के पास आग लगी। डीजल टैंक कैसे लीक हुआ इसको भी देखा जा रहा है।

## मिशन युवा शक्ति का 7वां स्थापना दिवस

**जेवर।** सामाजिक संगठन मिशन युवा शक्ति ने शनिवार को अपना सातवां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर ग्राम चपरगढ़ में जरूरतमंद महिलाओं को कंबल और स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीनें वितरित की गईं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित चपरगढ़ ने बताया कि मिशन युवा शक्ति कई वर्षों से जरूरतमंद परिवारों की सहायता कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य लोगों को सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करना और समाज में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। स्थापना दिवस पर आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम मुहिम शुरू की गई। इसके तहत क्षेत्र की लगभग 50 महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गईं, जिससे वे अपने परिवार की आजीविका को सशक्त बना सकें। सुमित चपरगढ़ ने यह भी बताया कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में सोरन प्रधान उम्मेद, एडवोकेट प्रमोद शर्मा, विचित्र कुमार, सुरेश नम्बरदार, सुरेंद्र बंसल, सल्लन पहलवान सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सदस्यता के लिए निर्धारित शुल्क लेने का आदेश रद्द

**ग्रेटर नोएडा।** सुपरटेक इकोविलेज-1 में एओए सदस्यता के लिए निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त 100 रुपये लेने के चुनाव अधिकारी के आदेश को निरस्त कर दिया गया है। लोगों ने चुनाव अधिकारी को और शुल्क हटाने की मांग की थी। शनिवार को डिप्टी रजिस्ट्रार ने इस संबंध में आदेश दिए। सुपरटेक इकोविलेज-1 में एओए चुनाव से पूर्व सोसाइटी के सभी निवासियों को एओए का सदस्य बनाने की प्रक्रिया चल रही है। लोगों ने सदस्य बनाने के लिए अतिरिक्त 100 रुपये लिए जाने पर आपत्ति जताई गई तो चुनाव समीति के सदस्यों ने कहा कि यह चुनाव अधिकारी आशीष मौर्या के निर्देश पर लिया जा रहा है।इसकी शिकायत सोसाइटी निवासी श्याम गुप्ता, चितरंजन, आदित्य , उमेश शर्मा समेत कई निवासी पिछले हफ्ते डिप्टी रजिस्ट्रार वौभाव कुमार से मिलकर शिकायत की थी। इसके बाद डिप्टी रजिस्ट्रार ने शनिवार को इस कथित शुल्क लेने के आदेश को रद्द कर दिया।

## दोस्त की मौत के मामले में आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने एक युवक गौरव शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में आरोपी अंकुश उर्फ आकाश, दीपक कुमार और लखन शर्मा की जमानत याचिका खारिज कर दी। कासना कोतवाली क्षेत्र में आरोपी साथियों पर हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। सत्र न्यायाधीश ने कहा कि प्रथम दृष्टया आरोपियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। बचाव पक्ष ने दावा किया कि गौरव की मौत डूबने से हुई और आरोपियों को फंसाया गया है। मृतक शराब का आदी था और 8 मार्च की सुबह नशे की हालत में खुद ही नहर में कूद गया था।अभियोजन पक्ष ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट इस दावे को खारिज करती है कि मौत डूबने से हुई। शव परीक्षण में मृतक के शरीर में केवल 300 एमएल पानी पाया गया जबकि डूबने की स्थिति में यह मात्रा काफी अधिक होती। इसके साथ ही मृतक की गर्दन की हड्डी टूटी पाई गई जो गला दबाकर हत्या की ओर संकेत करती है। ऐसे में आरोपियों की जमानत स्वीकार करना उचित नहीं है।

## नोएडा-ग्रेनो को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिली

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा को शनिवार को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिली। शुक्रवार की तुलना में दोनों शहरों के एक्यूआई में क्रमशः 78 और 90 अंकों की कमी दर्ज की गई। हालांकि, नोएडा देश के पांच सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में शामिल रहा। नोएडा का एक्यूआई शनिवार को बेहद खराब श्रेणी में 310 और ग्रेटर नोएडा का खराब श्रेणी में 288 दर्ज किया गया। सुबह दस बजे नोएडा का एक्यूआई 358 था। वहीं, ग्रेटर नोएडा का 283 रहा था। नोएडा के सेक्टर-125 और सेक्टर-116 का एक्यूआई 350 को पार कर गया। वहीं, ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क फाइव का एक्यूआई बेहद गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया।चार स्थानों पर पीएम 2.5 और पीएम 10 का अधिकतम स्तर 500 रहा। इस महीने नोएडा में एक भी दिन एक्यूआई 200 से कम नहीं हुआ। ग्रेटर नोएडा में महज एक दिन हवा मध्यम श्रेणी (एक्यूआई 200 से कम) में रही। दिसंबर के पहले सप्ताह में भी प्रदूषण से राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि तापमान में और कमी आएगी। इससे प्रदूषित कण आसमान में ज्यादा दूर तक नहीं फैल पाएंगे। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क फाइव में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का स्तर 200 से अधिक रहा। सुबह दस बजे यहां का एनओ-2 का स्तर 231 था। वहीं, शाम चार बजे 227 दर्ज किया गया।

## कूड़ा निस्तारण के लिए कंपनी का चयन होगा

**नोएडा।** प्राधिकरण ने सेक्टर-145 डंपसाइट पर मौजूद 7.5 लाख टन पुराना कूड़ा वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण के लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राधिकरण ने इस डंपसाइट को पूरी तरह साफ कर जमीन को दोबारा उपयोग में लाने के उद्देश्य से विस्तृत कार्य योजना बनाई है। चयनित एजेंसी को साइट पर आधुनिक प्रोसेसिंग सुविधाएं स्थापित करनी होंगी और निर्धारित 24 महीने की समय सीमा में रेमेडिएशन पूरा करना होगा। यह पूरा कार्य सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 के मानकों के अनुरूप किया जाएगा। चयनित होने वाली एजेंसी केवल कूड़े की प्रोसेसिंग करेगा। एजेंसी को हर महीने सर्वे कराकर डंप में हुई वॉल्यूमेट्रिक कमी का रिकॉर्ड प्रस्तुत करना होगा।जितना कचरा वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेस किया जाएगा, उसी आधार भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा साइट की सुरक्षा, अवैध प्रवेश रोकने और बिना प्रोसेस किए गए कचरे की चोरी रोकने की जिम्मेदारी भी एजेंसी की होगी। दरअसल, 219वीं बोर्ड बैठक में प्राधिकरण ने 300 टीपीडी क्षमता के ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र को मंजूरी दी। यहां बायो-सीएनजी उत्पादन किया जाएगा। यह प्लांट सेक्टर-145 या अस्तोली गांव में स्थापित होगा और शहर को वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन एवं नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ाएगा। फिलहाल नोएडा से 800-1,000 टीपीडी ठोस कचरा निकलता है।

# इश्क का अंधा मोड़ और टूटता पारिवारिक संतुलन

**पीलीभीत।** सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र का मामला सिर्फ एक परिवार की निजी परेशानी नहीं, बल्कि समाज के बदलते रिश्तों और कमजोर होते पारिवारिक संवाद का गंभीर संकेत है।

चौदह-पंद्रह साल पुराने वैवाहिक जीवन के बाद चार बच्चों की मां का बेटे की उम्र के युवक के साथ रहने की जिद एक ऐसी कहानी है, जो रिश्तों की बिखरती हालत और भावनात्मक रिक्तता की हकीकत को सामने लाती है।

पति रोजी-रोटी के लिए दिनभर बाहर रहने लगा और धीरे-धीरे शराब की गिरफ्त में भी फंस गया। शाम को घर लौटकर पत्नी से संवाद का अभाव, परिवार से दूरी और जिम्मेदारी के प्रति उदासीनता ने दांपत्य जीवन को खोखला कर दिया। लंबे समय तक संवादहीनता किसी भी रिश्ते को भीतर तक तोड़ देती है।

पत्नी का अकेलापन और उपेक्षा उसे भावनात्मक सहारे की तलाश की ओर ले गए। इसी खालीपन में मोबाइल फोन ने नई दुनिया से परिचय कराया और पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ शुरू हुई बातचीत धीरे-धीरे आकर्षण और फिर प्रेम में बदल गई ।गांव में मामला सामने आने के बाद पंचायत बैठी, ग्रामीणों ने समझाया और पुलिस ने भी काफी देर तक दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की, लेकिन महिला अपने निर्णय पर अडिग रही। न पति की बातें असर कर सकीं और न गांव की सामाजिक मर्यादा का दबाव। आखिरकार मामला न सुलझने पर उसे मायके भेज दिया गया। यह पूरा प्रकरण ग्रामीण जीवन से जुड़े उस गहरे सामाजिक बदलाव की ओर संकेत करता है, जहां मोबाइल ने रिश्तों के नए रास्ते तो खोले हैं, पर साथ ही कई परिवारों को टूटने के कगार पर भी ला खड़ा किया है ।इस घटना का सबसे संवेदनशील पक्ष चार बच्चों का भविष्य है।

मां का घर छोड़ना और परिवार का बिखरना बच्चों के मन पर जो असर डालता है, उसे समाज अक्सर नजरअंदाज कर देता है। माता-पिता की खींचतान में सबसे ज्यादा मानसिक चोट बच्चे ही झेलते हैं। यह मामला बताता है कि परिवार केवल साथ रहने से नहीं चलता, बल्कि निरंतर संवाद, भावनात्मक जुड़ाव और विश्वास से चलता है। जब जीवनसाथी उपेक्षा और अकेलेपन का शिकार होता है, तब वह गलत दिशा में कदम बढ़ा सकता है। पंचायत, पुलिस या सामाजिक दबाव किसी रिश्ते को मजबूती नहीं दे सकते, जब तक घर के भीतर मन से मन का रिश्ता न हो। इस घटना को केवल सनसनी की तरह पढ़कर आगे बढ़ जाना आसान है, लेकिन असल चुनौती यह समझने की है कि आखिर ऐसा क्यों हुआ। यह समाज के लिए चेतावनी भी है कि दांपत्य जीवन में छोटी-छोटी दूरियां कब बड़ी खाइयों में बदल जाती हैं, इसका अंदाजा तब लगता है जब चीजें हाथ से निकल जाती हैं। रिश्तों को संभालने के लिए संवाद, समय और संवेदनशीलता ही सबसे बड़ी जरूरत है।

## पांच लाख रुपये व कार की मांग पर विवाहिता को घर से निकाला, आठ पर मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। विवाहिता की शिकायत पर अदालत के निर्देश से पुलिस ने पति समेत आठ ससुरालजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।मिघाई गांव निवासी आरती देवी ने अदालत को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी शादी नवंबर 2022 में बरेली थाना बारादरी के मोहल्ला नवादा शेखान निवासी राजीव श्रीवास्तव से हुई थी। विवाह पर परिजनों ने लगभग 15 लाख रुपये खर्च किए थे ।आरती का आरोप है कि ससुराल पक्ष शादी के कुछ समय बाद ही पांच लाख रुपये और एक कार की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर प्रताड़ित किया गया। परिवार वालों ने कई बार समझाने की कोशिश की, मगर कोई समाधान नहीं निकला ।विवाहिता ने बताया कि एक बार ससुरालजनों ने उसे फांसी पर लटकाकर मारने का प्रयास भी किया, लेकिन उसने शोर मचाकर अपनी जान बचाई। इसके बाद उसे कपड़ों समेत घर से बाहर निकाल दिया गया ।पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने पति राजीव कुमार श्रीवास्तव, सास गीता देवी, ससुर रामसिंह, तथा विपिन कुमार, मुकेश कुमार, शशी देवी, पूनम देवी और ननद मिथलेश—सभी निवासी नवादा शेखान, थाना बारादरी बरेली के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# महिला सिपाही ने सुसाइड का स्टेटस लगाकर जान दी

▸ अलीगढ़ में वॉट्सऐप देख सहेली पहुंची तो लटकी मिली; परिवार शादी करने वाला था



**अलीगढ़।** अलीगढ़ में एक महिला कॉन्स्टेबल ने सुसाइड कर लिया। मरने से पहले उसने वॉट्सऐप पर सुसाइड का स्टेटस लगाया, जिसे साथी महिला सिपाही ने देख लिया। इसके बाद वह पुलिस टीम के साथ महिला कॉन्स्टेबल के घर पहुंची।

देखा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिसकर्मी अंदर घुसे।

आंगन में लगे जाल से महिला सिपाही लटक रही थी। उसे आनन-फानन में फंदे से उतारा और जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

28 साल की महिला कॉन्स्टेबल हेमलता आगरा के किरावली के गांव बैमन की रहने वाली थी। वह 2016 बैच की सिपाही थी। उसकी तैनाती अलीगढ़ के रोरावर थाने में थी। हेमलता बन्नादेवी इलाके में किराए के मकान में रहती थी। फिलहाल, महिला सिपाही ने स्टेटस में क्या लिखा था, यह अभी तक सामने नहीं आया है। फोरेंसिक टीम ने उसके कमरे की तलाशी ली। सिपाही ने सुसाइड क्यों किया, यह भी अभी तक क्लियर नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि आज वह ड्यूटी पर भी नहीं गई थी।

महिला सिपाही के पिता करमवीर सिंह किसानी करते हैं। घर में पिता, मां वैजयंती देवी, दो भाई और एक बहन रहती हैं। हेमलता सबसे छोटी थी। एक बहन और बड़े भाई की शादी हो गई है। अब हेमलता की शादी के लिए लड़का ढूंढा जा रहा था।

## बेटे के सामने मां की डंडे से पीटकर हत्या

**संभल।** संभल में पति ने पत्नी की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। उसने बेटे और मां के सामने अपनी पत्नी को पीटना शुरू कर दिया। बेटे और मां ने बचाने की कोशिश की तो उन्हें धक्का दे दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को परिवार के लोग इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को घर वापस लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो बेटे ने सारी घटना बताई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी पति की तलाश की जा रही है। मामला कोतवाली बहजोई क्षेत्र का है। गांव भवन में विनीत अपने परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे विनीत का पत्नी नेमवती (32) से विवाद हो गया। इसके बाद उसने अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। पहले लात-घूसे मारे। फिर डंडा लाकर पत्नी को मारना शुरू कर दिया। बेटे संजय ने देखा तो भागकर दादी के पास पहुंचा। दादी बाहर से घर के अंदर आई। अपनी बहू से खेत पर जाने के लिए कहा।

# बाल विवाह की सूचना पर तुरंत एक्शन, चाइल्ड हेल्पलाइन ने रोका नाबालिग का विवाह

**पीलीभीत।** महिला कल्याण विभाग की तत्परता और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की संवेदनशील कार्रवाई ने शुक्रवार को एक नाबालिग बालिका को बाल विवाह की कगार से बचा लिया। थाना जहानाबाद क्षेत्र के एक गांव में बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर प्राप्त हुई थी ।सूचना मिलते ही जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी के निर्देश पर टीम तुरंत रवाना हुई। टीम में मीनाक्षी पाठक (संरक्षण अधिकारी), निर्वान सिंह (परियोजना समन्वयक, चाइल्ड हेल्पलाइन), मृदुला शर्मा (मनोसामाजिक परामर्शदाता) तथा थाना ।।ञ्ञ प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह मय पुलिस फोर्स मौजूद रहे।



### घर में चल रही थीं शादी की तैयारियां, हाथों में लगी थी मेहंदी

टीम के मौके पर पहुंचने पर पता चला कि बालिका का विवाह 30 नवंबर को थाना गजरौला क्षेत्र के एक युवक से होना तय था। बालिका के हाथों में मेहंदी लगी थी और घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं। टीम को देखते ही वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

### बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देकर रोका गया विवाह

टीम ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी और स्पष्ट किया कि नाबालिग का विवाह दंडनीय अपराध है। इसके बाद तत्काल विवाह की तैयारियां रुकवाई गईं। टीम ने परिजनों को बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

### बालिका को प्रस्तुत किया जाएगा बाल कल्याण समिति के समक्ष

बालिका को आगामी सोमवार को आगे की कार्रवाई हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जहां उसके भविष्य और संरक्षण संबंधी निर्णय लिए जाएंगे ।महिला कल्याण विभाग ने बाल विवाह रोकने की इस त्वरित कार्रवाई को समाज में बालिकाओं के अधिकार और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### 24 घंटे तक छिपाया मामला; मायके पक्ष ने लगाया पिटाई का आरोप

**बरखेड़ा।** बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव नरायनठेर में आज सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने घटना को लगभग 24 घंटे तक छिपाए रखा, जिसके बाद मामला संदेहास्पद स्थिति में पुलिस तक पहुंचा ।सूचना मिलने पर पुलिस टीम गांव पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों के बयान दर्ज किए। मृतका की पहचान ऊषा देवी के रूप में हुई है, जिसकी शादी छह वर्ष पूर्व गांव नरायनठेर निवासी चिरनजीत से हुई थी।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव दियोराजपुर निवासी मृतका के मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि ऊषा का पति चिरनजीत आए दिन मारपीट करता था। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से ही दंपती के बीच विवाद की स्थितियां बनी रहती थीं। मायके पक्ष का कहना है कि ऊषा की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा ।ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद परिवार के लोग बेहद तनाव में दिखे और शुरू में किसी को जानकारी नहीं दी गई, जिससे संदेह और गहरा गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## शादी के 28 दिन बाद महिला की हत्या

**बरेली।** बरेली में शादी के महज 28 दिन बाद महिला की हत्या कर दी गई। उसकी लाश घर के पीछे बने तालाब में पड़ी मिली। पड़ोसी की सूचना पर पहुंचे ससुरालवालों ने बेटी को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मायकेवालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पति को हिरासत में लिया है।

## ललितपुर में एंबुलेंस में हुआ सुरक्षित प्रसव

**ललितपुर।** ललितपुर जिले में शनिवार को 102 एंबुलेंस सेवा ने एक महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। अस्पताल ले जाते समय एंबुलेंस में ही महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी, जिसके बाद एंबुलेंस कर्मियों ने सूझबूझ से काम लिया। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम मसौरा कला निवासी शिवानी पत्नी रोहित को शनिवार को प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने तत्काल 102 एंबुलेंस सेवा को बुलाया। जब प्रसूता को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ललितपुर ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी प्रसव पीड़ा बढ़ गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 102 हेल्पलाइन पर सूचना दी गई। एंबुलेंस में तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) शिवानी पटेल ने पूरी जिम्मेदारी और धैर्य के साथ स्थिति को संभाला। उन्होंने एंबुलेंस को अस्थायी प्रसूति कक्ष में बदल दिया। ईएमटी शिवानी पटेल ने सभी मेडिकल प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सुरक्षित डिलीवरी कराई। कुछ ही देर में एंबुलेंस के भीतर एक स्वस्थ पुत्र का जन्म हुआ। मां और नवजात दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस दौरान एंबुलेंस चालक नेकसिंह ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई, 107 वाहनों के चालान

**ललितपुर।** यातायात पुलिस द्वारा नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिस में आम लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहो पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ब्लैक फिल्म, फॉल्टी नंबर प्लेट, बिना नंबर प्लेट के दो पहिया पर तीन सवारी के विरुद्ध चलाया सघन चैकिंग। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा विशेष चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है । इस अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों/ तिराहों पर यातायात पुलिस द्वारा नियम विरूद्ध वाहन जैसे बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, दोषपूर्ण नंबर प्लेट/बिना नंबर प्लेट , काली फिल्म, हूटर, बत्ती लगाना, वाहन पर शासकीय तथा जाति सूचक शब्द व स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 107 वाहनों का चालान किया गया।



# एसपी ने किया तालबेहट थाने का वार्षिक निरीक्षण

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा थाना तालबेहट का वार्षिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा सर्वप्रथम गार्द द्वारा सलामी ली गयी । सलामी गार्द का निरीक्षण कर गार्द में लगे अधिकारी/कर्म0गण का टर्न आउट को चैक किया गया ।



तत्पश्चात सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात,कम्प्यूटर कक्ष,महिला हेल्प डेस्क/ मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना, बैरक, मैस आदि का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण थाना परिसर में साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी रखने हेतु निर्देशित किया गया । थाना कार्यालय के रजिस्टरों रजिस्टर नं0 8, एनसीआर रजिस्टर, रजिस्टर नं0 4, त्यौहार रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, टॉप-10 रजिस्टर, भूमाफिया रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, सम्पूर्ण समाधान रजिस्टर आदि को चेक किया गया, जिनका रखरखाव संतोष जनक व अध्यावधिक पाया गया ।

फ्लाई शीट व H.S. रजिस्टर को चैक कर प्रभारी निरीक्षक तालबेहट को निर्देशित किया गया कि एच0एस0 की चेकिंग साप्ताहिक रूप से करके रजिस्टर में अंकित करें ताकि अपराध में प्रभावी नियंत्रण बनाया जा सके और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध समय-समय पर चेकिंग के पश्चात प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाये । आई0जी0आर0एस0 रजिस्टर को चैक कर प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि आइ0जी0आर0एस0 शासन की एक महत्वाकांछी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराना है। आई0जी0आर0एस0 को गम्भीरता से लेकर लम्बित समस्त प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ।

# मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं महिलाओं को किया जागरुक

**ललितपुर** । पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।



कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें ।

अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें। महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

# खड़े ट्रक में घुसी 108 एम्बुलेंस, पति-पत्नी की मौत

**झांसी।** झांसी में तेज रफ्तार 108 एम्बुलेंस हाईवे किनारे खड़े एक ट्रक में घुस गई। इसमें पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि ईएमटी घायल है। पत्नी को बुखार और पेट में दर्द था। पति उसको सीएचसी ले गया। वहां से रेफर होने पर 108 एम्बुलेंस दंपती को झांसी मेडिकल कॉलेज लेकर आ रही थी। हादसे के बाद एम्बुलेंस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि संभवता ड्राइवर को नींद की झपकी आने से हादसा हुआ है। घायल को मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया गया है। हादसा बड़ागांव थाना क्षेत्र में झांसी-कानपुर हाइवे पर शुक्रवार-शनिवार की रात लगभग 1: 30 बजे हुआ है। मृतकों की पहचान तीरथ पाल (65) पुत्र हरकिशुन पाल और उसकी पत्नी गिरजा देवी (60) के रूप में हुई है। दंपती टोड़ीफतेहपुर थाना क्षेत्र के तुरका लहचूरा गांव के रहने वाले थे। मृतकों के पोते मूलचंद ने बताया- मेरी दादी गिरजा देवी को कुछ दिनों से बुखार था। शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे उनके पेट में तेज दर्ज होने लगा। वो दर्द से तड़पने लगी। आनन फानन में उनको गुरसराय सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गिरजा को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# शार्ट न्यूज

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, मुकदमा दर्ज

बीसलपुर। भसूड़ा नहर पुलिया पर ट्रेक्टर की टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली निवासी रामाशंकर ने तहरीर में बताया कि उनका पुत्र अमित शुक्ला बाइक से बीसलपुर आ रहा था। भसूड़ा नहर पुलिया के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर यूपी26 एएक्स 6609 ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर में अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे आलोक शुक्ला और अंबरीष शुक्ला ने उसे तुरंत बीसलपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसकी स्थिति गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।घटना के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार को ट्रक ने मारी टक्कर, मामला दर्ज

**बीसलपुर।** बीसलपुर-बरेली मार्ग पर मोहम्मदपुर भजा के पास एक ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार खाई में जा गिरी और चालक घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।बरेली रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सामने रहने वाले देव प्रकाश पुत्र रामेश्वर दयाल ने बताया कि 27 नवंबर को वह बीसलपुर से बरेली जा रहे थे। भड़रिया मोड़ के आगे जीओ पेट्रोल पंप के पास ट्रक ने उनकी कार टाटा टियागो में तेज रफ्तार से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार गहरी खाई में पलट गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित के अनुसार ट्रक चालक नशे में प्रतीत हो रहा था ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और ट्रक को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक की तलाश में जुट गई है।

## पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार



**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने दो वारण्टीयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा दो वारण्टी अभियुक्तगण राजेश पुत्र गोपाल उम्र करीब 34 वर्ष निवासी ग्राम अण्डेला थाना महरौनी जनपद ललितपुर से सम्बन्धित मुकदमा न0 76/23धारा 147/323/504/506 आईपीसी जीतेन्द्र सिहं पुत्र जाहर सिंह उम्र करीब 37 वर्ष निवासी ग्राम भौरदा थाना महरौनी ललितपुर, को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है । गिरफ्तारी करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह उ.नि. साबिर अली चौकी प्रभारी खितवास का. कुलदीप कुमार आदि शामिल रहे।

## झांसी में महिला ने सुसाइड किया

**झांसी।** झांसी में एक महिला ने सुसाइड कर लिया। वह पति से मनमुटाव होने के कारण अपने मायके में रह रही थी। माता-पिता खेत पर गए थे, पीछे से महिला ने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन झांसी मेडिकल कॉलेज लाए। जहां पर इलाज के दौरान शनिवार को महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला गुरसराय थाना क्षेत्र के सिरबो गांव का है। गुरसराय के सिरबो गांव निवासी क्रांति देवी (25) की शादी लगभग 8 साल पहले टीकमगढ़ के सतवारा गांव निवासी प्रीतम पटेल से हुई थी। परिजनों का कहना है कि पति शराब पीकर झगड़ा करता था। इस वजह से क्रांति अक्सर अपने मायके में ही रहती थी। शुक्रवार को माता-पिता खेत पर गए थे। घर पर क्रांति और उसकी भाभी थी। इस दौरान क्रांति ने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर अपनी भाभी को जानकारी दी। तब परिजन उसे गुरसराय सीएचसी ले गए। वहां से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान क्रांति की मौत हो गई। क्रांति की कोई संतान नहीं है।

## दूल्हे ने कार का हैंडब्रेक लगाया, 4 बार पलटी, मौत

**गोंडा।** गोंडा में शादी के 5 दिन बाद दूल्हे की मौत हो गई। वह शादी के चौथे दिन शुक्रवार को गौना लेकर लखनऊ से अपनी ससुराल गोंडा जा रहा था। इसी दौरान उसे झपकी लगी। उसने गियर की जगह हैंडब्रेक लगा दिया गया। कार अनियंत्रित होकर सड़क पर 4 बार पलटी। हादसे में दूल्हे समेत 7 लोग घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान शनिवार को दूल्हे की लखनऊ में मौत हो गई। वहीं बाकी 6 घायलों का इलाज चल रहा है। हादसा नगर कोतवाली क्षेत्र के मुर्गी फॉर्म चौराहे के पास हुआ। लखनऊ के सिटी स्टेशन के पत्थर वाली गली के रहने वाले अबू आमिर (30) की शादी गोंडा के इटियाथोक बाजार निवासी मोहम्मद इलियास की बेटी सुमैया (26) से हुई थी। आमिर और सुमैया दोनों ने इंटर तक पढ़ाई की है। शादी होने के 4 दिन बाद 28 नवंबर को गौना जाना था।

## हाथरस में बाइक सवार को मारी गोली

**हाथरस।** हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव टुकसान के पास कुछ हमलावरों ने एक बाइक सवार व्यक्ति को गोली मार दी। गोली उसकी बाजू में लगी, जिससे वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। घायल दलित है और हमलावर दबंग किस्म के लोग हैं। जानकारी के अनुसार, गांव टुकसान निवासी 48 वर्षीय राजपाल सिंह पुत्र सोरन सिंह आज शनिवार शाम करीब 7: 30 बजे अपने भाई शिव कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर गांव की ओर जा रहे थे। राजपाल सिंह रंगाई-पुताई का काम करते हैं। गांव के पास ही दो बाइकों पर सवार पांच हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाते हुए गोली चला दी। गोली राजपाल सिंह की बाजू में लगी, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही सिटी सीओ योगेंद्र कृष्ण नारायण सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल राजपाल सिंह और उनके परिजनों से पूछताछ की।

## डंपर की टक्कर से चाचा भतीजे की मौत

**उन्नाव।** उन्नाव में लखनऊ-कानपुर हाइवे पर डंपर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। यह हादसा शनिवार शाम मुर्तजानगर नहर के पास हुआ, जिसमें एक अन्य दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों काम से घर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान शिव नगर निवासी रिंकू (28) और नीरज (27) के रूप में हुई है। चंदन (30) गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना मिलते ही थाना दही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल उन्नाव भेजा। डॉक्टरों ने इलाज के दौरान रिंकू और नीरज को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल चंदन को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तीनों घनिष्ठ मित्र थे और रोजाना साथ ही काम पर आते-जाते थे। रिंकू करीब एक सप्ताह पहले ही झांसी से लौटा था, जहां वह टेडी बियर बेचने का काम करता था। वे तीनों मिलकर गांव के बाहर पेड़ों पर बने मधुमक्खी के छत्तों से शहद निकालने का काम भी करते थे, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय होती थी। इस हादसे से दोनों परिवारों पर गहरा संकट आ गया है। मृतक नीरज के दो बेटे और एक बेटी हैं, जबकि रिंकू के परिवार में एक छोटा बेटा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल के राष्ट्रपति ने 5 मार्च को होने वाले चुनावों के लिए सेना की तैनाती को मंजूरी दी

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने गुरुवार को कैबिनेट के फैसले और प्रधानमंत्री की सिफारिश को मंजूरी दे दी, जिसमें अगले साल 5 मार्च को होने वाले संसदीय चुनावों के लिए नेपाली सेना को जुटाने की बात कही गई थी। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने 24 नवंबर को हुई कैबिनेट बैठक के अनुरूप यह सिफारिश भेजी थी। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति ने चुनाव सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सेना तैनात करने के सरकार के फैसले का समर्थन किया।

### श्रीलंका : 11 दिन से मूसलाधार बारिश व भूस्खलन, 31 की मौत

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में बीते 11 दिन से जारी मूसलाधार बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 31 लोगों की मौत हो गई है। इन घटनाओं में करीब 4,000 लोग प्रभावित हुए हैं। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि अकेले मध्य पर्वतीय जिलों में 18 लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। एक भयावह घटना में, कुंबुक्कना में बढ़ते जलस्तर के बीच एक यात्री बस फंस गई, जिसके बाद आपात दलों ने 23 यात्रियों को बचाया। अडाडेराना समाचार पोर्टल के मुताबिक, करीब 10 लोग घायल हुए हैं जबकि 14 लोग लापता बताए जा रहे हैं।

### भारतीय दूत क्वात्रा का अमेरिकी मंत्री से व्यापार समझौते पर जोर

**मियामी, एजेंसी।** द. अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने अगले साल मियामी में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में उनके देश को आमंत्रित न करने के अमेरिका के कदम को अफसोसजनक बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति रामफोसा और उनके प्रशासन द्वारा अमेरिका के साथ राजनयिक संबंधों को फिर से स्थापित करने के अनेक प्रयासों के बावजूद, राष्ट्रपति ट्रंप हमारे देश के बारे में गलत सूचनाओं-विकृतियों के आधार पर दंडात्मक उपाय लागू करना जारी रखे हुए हैं।

### चुनाव से पहले म्यांमार सेना ने 8,665 लोगों को दी माफी

**नाएप्यीडॉ , एजेंसी।** म्यांमार की सैन्य सरकार ने आगामी चुनाव से पहले कुल 8,665 लोगों को माफी देने की घोषणा की है। इसमें दोषी ठहराए गए 3,085 लोगों की सजा कम करना और फरार 5,580 लोगों के खिलाफ केस खत्म करना शामिल है। हालांकि, कितने राजनीतिक बंदियों को रिहा किया जाएगा, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। सेना का दावा है कि यह कदम स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए है, जबकि पश्चिमी देशों और मानवाधिकार समूहों ने चुनाव को पहले ही ढोंग बताया है।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में खदान विस्फोट में दो की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले में छोड़ी गई लैंडमाइन फटने से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना जननत शाह क्षेत्र (चर्मंग तहसील) में बुधवार शाम हुई, जब तीन लोग वहां से गुजर रहे थे। मृतकों की पहचान 18 वर्षीय शमशाद और 22 वर्षीय उस्मान के रूप में हुई। अधिकारियों ने इसे क्षेत्र की शांति भंग करने की साजिश बताया और विस्फोटक लगाने वालों की तलाश के लिए खोज अभियान शुरू किया।

### व्हाइट हाउस के पास हमले में महिला सैनिक की मौत

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास बुधवार को हुए हमले में घायल महिला नेशनल गार्ड सारा बेकस्ट्रॉम की मौत हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ट्रम्प ने बताया कि दूसरे सैनिक एंड्रयू वॉल्फ की हालत सीरियस है। दोनों वेस्ट गार्ड्स वर्जीनिया नेशनल गार्ड से जुड़े थे और अगस्त की शुरुआत में एक सुरक्षा मिशन पर वॉशिंगटन डीसी भेजे गए थे। ट्रम्प ने कहा- 'सारा अब हमारे बीच नहीं हैं और उनके माता-पिता इस समय बेहद दुख में हैं। बेकस्ट्रॉम प्रतिभाशाली नेशनल गार्ड थीं।' सारा जून 2023 में मिलिट्री पुलिस यूनिट में भर्ती हुई थीं। एक अफगानिस्तानी हमलावर ने कल फैरागट वेस्ट मेट्रो स्टेशन के पास सारा को सीने और सिर में गोली मारी थी। इसके बाद उसने एंड्रयू पर फायर किया था। उसी समय पास ही मौजूद तीसरे गार्ड ने चार गोलियां चलाई, जिसके बाद हमलावर को काबू कर लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एंड्रयू वॉल्फ का गंभीर हालत में इलाज जारी है। वॉल्फ फरवरी 2019 में एयर नेशनल गार्ड में शामिल हुए थे। उन्हें अपनी सर्विस के दौरान कई मेडल भी मिल चुके हैं। ट्रम्प ने बताया कि उन्हें इस हमले के बारे में ठीक उस समय पता चला जब वे थैंक्सगिविंग के मौके पर अमेरिकी सैनिकों को वीडियो कॉल करने वाले थे।

# इमरान खान के बेटे को भी होने लगा शक, कासिम ने पाकिस्तान से मांगे जिंदा होने के सबूत

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के छोटे बेटे कासिम खान ने सार्वजनिक रूप से सरकार पर अपने पिता को पूर्ण एकांत में रखने और परिवार के किसी भी सदस्य से मिलने से रोकने का आरोप लगाया है। कासिम ने एक्स पर एक पोस्ट में चेतावनी दी है कि परिवार के पास उनके पिता के जीवित होने का कोई प्रमाण नहीं है। उन्होंने जेल के अधिकारियों को उनकी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार ठहराया है। आपको बता दें कि कासिम खान आमतौर पर फ्रंट-लाइन की राजनीति से दूर रहते हैं। उन्होंने अपने पिता की हिरासत के बारे में चौंकाने वाले विवरण दिए हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता 845 दिनों से गिरफ्तार हैं। पिछले छह हफ्तों से उन्हें जीरो पारदर्शिता के साथ फांसी की सजा वाले कैदियों के लिए बनी कोठरी में एकांत कारावास में रखा गया है। एक महीने से अधिक समय से परिवार के मिलने पर अघोषित प्रतिबंध लगा हुआ है। अदालत के आदेशों के बावजूद, उनकी बहनों को हर बार मुलाकात करने से रोका गया है। उन्होंने कहा, ' मेरे पिता इमरान खान कोई फोन कॉल नहीं, कोई मुलाकात नहीं और जीवित होने का कोई प्रमाण नहीं है।' उन्होंने और उनके भाई सुलेमान ने एक महीने से अधिक समय से अपने पिता से संपर्क नहीं किया है। कासिम ने इस सूचना ब्लैकआउट को जानबूझकर इमरान खान की स्थिति को छिपाने और अपने परिवार को यह जानने से रोकने का प्रयास बताया कि वह सुरक्षित हैं। कासिम ने पाकिस्तानी सरकार और उसके हैंडलर्स



को चेतावनी दी है कि उन्हें मेरे पिता की सुरक्षा और इस अमानवीय अलगाव के हर परिणाम के लिए कानूनी, नैतिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने वैश्विक संस्थानों से तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया है। कासिम ने कहा, 'अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, वैश्विक मानवाधिकार संगठनों और हर लोकतांत्रिक आवाज से मेरा आग्रह है कि वे तत्काल हस्तक्षेप करें। जीवित होने का प्रमाण मांगें, अदालत द्वारा दिए गए आदेश को लागू कराएं, इस अमानवीय अलगाव को समाप्त करें और पाकिस्तान के सबसे लोकप्रिय राजनीतिक नेता की रिहाई की मांग करें, जिन्हें केवल राजनीतिक कारणों से जेल में रखा गया है।' इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई ) ने इन अफवाहों के बीच आधिकारिक प्रतिक्रिया और तत्काल परिवार को मिलने देने की मांग की है। हालांकि, पाकिस्तानी प्रशासन और सरकार ने आरोपों का खंडन किया है। अडियाला जेल प्रशासन ने इमरान खान के ठिकाने बदलने या उन्हें नुकसान पहुंचाने की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं और उन्हें पूरा चिकित्सा ध्यान मिल रहा है। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जोर देकर कहा कि पीटीआई संस्थापक को अधिकांश कैदियों की तुलना में बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने दावा किया कि इमरान को ऐसा भोजन मेनू मिल रहा है जो फाइव-स्टार होटल में भी उपलब्ध नहीं है। साथ ही टेलीविजन, व्यायाम उपकरण और एक मखमल का गद्दा भी दिया गया है। इमरान खान की तीन बहनों और पीटीआई कार्यकर्ताओं ने बुधवार को अदियाला जेल के बाहर मुलाकात की मांग को लेकर धरना दिया। जेल अधिकारियों ने अलीमा खान को आश्वासन दिया कि मुलाकात की व्यवस्था की जाएगी, जिसके बाद विरोध समाप्त हो गया। बहनों को आज और मंगलवार को उनसे मिलने की अनुमति मिलने की उम्मीद है।

**दावा- सेना के आदेश पर किया गया हमला :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह कार्रवाई सेना के निर्देश पर की गई। जेल परिसर के बाहर भारी सुरक्षा तैनात थी और पीटीआई समर्थकों की भीड़ लगातार बढ़ रही थी। जब चक्क के मुख्यमंत्री अफरीदी गुरुवार को खुद जेल पहुंचे, तो हालात बिगड़ गए। पुलिस ने उन्हें और उनके साथ आए नेताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। धक्का-मुक्की के दौरान पुलिसकर्मियों ने सीएम को लात-घूंसे भी मारे और जमीन पर गिरा दिया। क्क्षद्ध ने इस घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया है।

**अफरीदी ने बड़े विरोध-प्रदर्शन की धमकी दी :** सुहैल अफरीदी का कहना है कि सरकार को इमरान खान की सेहत और सुरक्षा को लेकर उठे सभी सवालों के सही जवाब देने होंगे। अगर ऐसा नहीं किया गया तो वे जनता के साथ सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अफरीदी ने आरोप लगाया कि सरकार इमरान खान की हालत की सही जानकारी नहीं दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इमरान खान को कुछ हुआ तो इसके नतीजे की जिम्मेदारी पूरी तरह मौजूदा सरकार पर होगी।

उन्होंने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर पर तंज करते हुए कहा कि देश के बिगड़ते हालात के लिए वही जिम्मेदार हैं। अफरीदी का कहना है कि इमरान खान तक पहुंच रोकना और उनकी सेहत की जानकारी छिपाना जनता के भरोसे के साथ खिलवाड़ है।

# ऑस्ट्रेलिया में शार्क ने मचाया कोहराम; एक महिला को उतारा मौत के घाट, दूसरा शख्स गंभीर रूप से घायल

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान के समुद्र तट पर गुरुवार सुबह शार्क ने दो लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला की मौत हो गई और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस के अनुसार यह हादसा सुबह करीब 6:30 बजे हुआ। यह घटना क्राउडी बे नेशनल पार्क के काइलिज बीच पर हुई, जो सिडनी से लगभग 360 किलोमीटर उत्तर में है और बीच कैम्पिंग, मछली पकड़ने तथा ट्रैकिंग के लिए मशहूर है।

**इलाके के सभी समुद्र तट अनिश्चितकाल के लिए बंद :** इस हमले के बाद इलाके के सभी समुद्र तटों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। पुलिस चीफ इंस्पेक्टर टिमोथी बेली ने बताया कि दोनों पीड़ित एक-दूसरे को जानते थे और तैराकी के लिए पानी में उतरे थे, तभी शार्क ने हमला कर दिया।

**घायल जोड़े की एक राहगीर ने की मदद :** इस घटना के बाद एक राहगीर ने घायल जोड़े की मदद की। लेकिन महिला को बचाया नहीं जा सका और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुरुष के पैर पर गंभीर चोटें आई हैं और उसे हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई जा रही है। पैरामेडिक जोश स्माइथ ने बताया कि राहगीर की तरफ से बनाया गया अस्थायी टूरनीकेट



शायद पुरुष की जान बचाने में मददगार साबित हुआ। उन्होंने कहा, 'जिस व्यक्ति ने घटना के बाद तुरंत प्राथमिक उपचार दिया, उसने पुरुष के जीवन को बचाने में अहम भूमिका निभाई।'

**शार्क की हुई पहचान, पकड़ने की कोशिश जारी :** सरकारी अधिकारियों ने बताया कि वैज्ञानिकों ने हमले में शामिल शार्क को बड़ा बुल शार्क पहचान लिया है। शार्क को पकड़ने के लिए समुद्र में पांच ड्रमलाइन लगाई गई हैं। पहले से भी पास के मैक्वेरी और फॉर्स्टर समुद्र तटों पर ऐसी व्यवस्था मौजूद थी। शार्क विशेषज्ञ गैविन नेलर ने कहा कि एक ही शार्क का दो लोगों पर हमला करना बेहद दुर्लभ होता है। उन्होंने बताया कि 'शार्क हमले अपने-आप में दुर्लभ हैं, और एक ही शार्क द्वारा दो लोगों पर हमला होना और भी अनोखी घटना है।' पीड़ितों की पहचान जारी नहीं की गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार दोनों यूरोपीय पर्यटक थे।

# 'नेशनल गार्ड्स पर हमला करने वाला पागल हो गया था', रिपोर्टर पर भड़के ट्रंप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अफगानिस्तान मूल के व्यक्ति द्वारा नेशनल गार्ड्स पर किए गए हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप खासे नाराज हैं। इसे लेकर ट्रंप ने पूर्ववर्ती बाइडन सरकार पर निशाना साधना शुरू कर दिया है क्योंकि बाइडन सरकार की पुनर्वास नीति के तहत ही हमलावर रहमानुल्ला लकनवाल अमेरिका आया था। व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि हमलावर पागल हो गया था। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह के लोगों के साथ ऐसी घटनाएं होती रहेंगी।

**ट्रंप ने बाइडन सरकार की नीति की आलोचना की :** ट्रंप ने कहा कि बाइडन सरकार की 'ऑपरेशन अलाइस वेलकम' नीति के तहत संदिग्ध लोग अमेरिका में आ गए हैं। बाइडन सरकार ने अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद इस नीति की शुरुआत की थी, जिसके तहत कई अफगान नागरिकों को अमेरिका में शरण दी गई थी। ट्रंप ने नीति की आलोचना करते हुए कहा कि वॉशिंगटन डीसी के हमलावर जैसे कई अन्य लोग इस देश में आ गए हैं। हम उन सभी को बाहर निकालेंगे। इस दौरान एक रिपोर्टर ने कहा कि अमेरिका आए अफगान नागरिक सुरक्षा जांच के बाद ही यहां आए हैं। इस पर ट्रंप ने नाराज होते हुए कहा कि इन लोगों के साथ कई ऐसे भी लोग यहां आ गए हैं, जिन्हें यहां नहीं होना चाहिए था। इसके बाद ट्रंप ने रिपोर्टर को लगभग डांटते हुए कहा कि 'क्या आप मूर्ख हैं? आप ऐसे सवाल पूछ रहे हैं क्योंकि आप बेवकूफ हैं।'

**हमले में घायल एक सैनिक की मौत :** राष्ट्रपति ट्रंप ने साथ ही बताया कि हमले में घायल नेशनल गार्ड्स की सैनिक साराह बैकस्ट्रोम की मौत हो गई है। वहीं दूसरा सैनिक अपनी जिंदगी के लिए लड़ रहा है। ट्रंप ने बैकस्ट्रोम की तारीफ की और उसे युवा, सम्मानित और शानदार व्यक्ति बताया। ट्रंप ने कहा कि जिस जानवर ने नेशनल गार्ड्स के दो सैनिकों को गोली मारी, उसे इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। हमले के तुरंत बाद ही हमलावर रहमानुल्ला लकनवाल को गिरफ्तार कर लिया गया था।

# फ्रांस में भी अग्निवीर: मैक्रों ने की 10 महीने की नई स्वैच्छिक सैन्य सेवा योजना की घोषणा, भर्ती होंगे युवा

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को नई राष्ट्रीय सैन्य सेवा पहल की घोषणा की। यह पहल इसलिए की गई है, क्योंकि फ्रांस अपने सशस्त्र बलों को मजबूत करना चाहता है, ताकि यूरोपीय देशों पर रूस के बढ़ते खतरे का सामना किया जा सके।

मैक्रों ने घोषणा की कि 18 और 19 साल के स्वयंसेवक अगले साल 10 महीने की नई सैन्य सेवा योजना में शामिल होना शुरू करेंगे। फ्रैंच आल्प्स में वार्सेस सैन्य अड्डे पर अपने संबोधन में मैक्रों ने कहा कि अगले गर्मियों से एक नई राष्ट्रीय सेवा योजना धीरे-धीरे शुरू की जाएगी। इसमें युवा स्वयंसेवक केवल के के प्रमुख क्षेत्रों में ही सेवा नहीं करेंगे, बल्कि विदेश में भी फ्रांसीसी सैन्य अभियानों में भाग लेंगे। इस साल की शुरुआत में मैक्रों ने फ्रांसीसी युवाओं को सैन्य सेवा में स्वेच्छा से भाग लेने का नया विकल्प देने की अपनी योजना की घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि फ्रांस में 1996 में खत्म हो चुकी अनिवार्य सैन्य सेवा को फिर से लागू करने का विचार नहीं है। उन्होंने बताया कि रूस का यूक्रेन पर आक्रमण यूरोप के लिए 'बड़े खतरे' का संकेत है, इसलिए फ्रांस अपनी रक्षा को मजबूत करना चाहता है। मैक्रों ने रेडियो आरटीएल को मंगलवार को बताया, जिस दिन आप रूस के प्रति कमजोरी का संकेत देंगे, जिसने पिछले 10 वर्षों में फिर से एक साम्राज्यवादी ताकत बनने का रणनीतिक फैसला लिया है, यानी जहां भी हम कमजोर हैं, वहां वह आगे बढ़ेगा..वह आगे बढ़ता रहेगा।

**ईयू के देशों में फ्रांस की सेना दूसरी सबसे बड़ी :** मैक्रों ने अगले दो वर्षों में अतिरिक्त सैन्य खर्च के रूप में 6.5 बिलियन यूरो (7.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की घोषणा की। उन्होंने कहा कि फ्रांस 2027 में वार्षिक रक्षा खर्च में 64 बिलियन यूरो खर्च करने का लक्ष्य रखेगा, जो उनके दूसरे कार्यकाल का अंतिम वर्ष होगा। यह 2017 में राष्ट्रपति बनने के समय 32 बिलियन यूरो के वार्षिक खर्च का दोगुना होगा। फ्रांस की सेना में वर्तमान में करीब दो लाख सक्रिय सैन्य कर्मी और 40 हजार से अधिक आरक्षित कर्मी हैं, जो इसे यूरोपीय संघ (ईयू) में पोलैंड के बाद दूसरी सबसे बड़ी सेना बनाते हैं। फ्रांस 2030 तक आरक्षित कर्मियों की संख्या एक लाख तक बढ़ाना चाहता है।

**फ्रांस के नए सेना प्रमुख के बयान से क्यों हुआ विवाद :** फ्रांस के नए सेना प्रमुख जनरल फेबियन मंडॉन ने पिछले हफ्ते चेतावनी दी कि देश को रूस के संभावित संघर्ष की स्थिति में 'अपने बच्चों के बलिदान की तैयारी' करनी होगी। उनके इन शब्दों से विवाद भी खड़ा हुआ। जनरल मंडॉन ने कहा कि रूस ने 2008 में जॉर्जिया के 20 फीसदी क्षेत्र, 2014 में यूक्रेन का क्रीमिया और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया। दुर्भाग्य से, आज रूस 2030 तक हमारे देशों के साथ टकराव की तैयारी कर रहा है। वह इसके लिए खुद को संगठित कर रहा है और आश्वस्त है कि इसके अस्तित्व का दुश्मन उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) है। मैक्रों ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय सैन्य सेवा के स्वयंसेवकों को अग्रिम मोर्चे पर नहीं भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, हमें किसी भी भ्रम को तुरंत दूर करना चाहिए कि हम अपने युवाओं को यूक्रेन भेजने जा रहे हैं।

# बिल्लियों के आतंक से परेशान हुआ न्यूजीलैंड, अब 25 लाख को मारने की तैयारी, सरकार ने बनाई योजना

**वेलिंग्टन, एजेंसी।** जैव विविधता के लिए मशहूर न्यूजीलैंड पिछले कुछ समय से फेरल (जंगली) बिल्ली के आतंक से परेशान है। ऐसे में इससे छुटकारा पाने के लिए पूरे देश में इनके खात्मे की योजना बना रहा है। इस योजना का लक्ष्य आगामी ढाई दशक में न्यूजीलैंड से इन जंगली बिल्लियों को पूरी तरह से खत्म करना है। संरक्षण मंत्री तमा पोटाका ने फेरल बिल्लियों को स्टोन कोल्ड किलर्स शब्द से परिभाषित करते हुए कहा कि इन्हें प्रिडेटर फ्री 2050 की सूची में शामिल किया जाएगा। लोगों की जिज्ञासा को शांत करने के लिए उन्होंने कहा कि इस हमारा लक्ष्य केवल इन जंगली बिल्लियों को खत्म करना है, घरेलू बिल्लियां इससे बाहर हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, पोटाका ने फेरल बिल्ली के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह बिल्लियां हमारी घरेलू बिल्लियों से अलग होती हैं। यह इंसान का संपर्क बर्दाश्त नहीं करती हैं। यह जरूरत से ज्यादा शिकार करना पसंद करती है। इसकी वजह से इसने कई प्रजातियों को नष्ट कर दिया है। इनका आतंक इस कदर है कि न्यूजीलैंड में अब देशी प्रजाति की बिल्लियां न के बराबर रह गई हैं। पोटाका ने बताया कि इन बिल्लियों ने स्टुअर्ट द्वीप पर दक्षिणी डॉटरेल पक्षी का लगभग जड़ से मिटा दिया है, वहीं उत्तरी द्वीप के ओहाकुने इलाके में पिछले एक हफ्ते में इन्होंने 100 से ज्यादा चमगादड़ों की हत्या की है। मंत्री ने कहा कि न्यूजीलैंड अनोखी जलवायु और जैव विविधता वाला देश है। यहां पर कई ऐसी प्रजातियां मिलती हैं, जो दुनिया में कहीं भी नहीं मिलतीं। ऐसे में उन्हें बचाने के लिए इन शिकारी बिल्लियों पर नियंत्रण लगाना आवश्यक है। आपको बता दें न्यूजीलैंड में करीब 25 लाख से अधिक जंगली बिल्लियां रहती हैं। यह बिल्लियां घरेलू बिल्लियों से थोड़ी बड़ीं और 7 किलो के वजह की हो सकती हैं। न्यूजीलैंड में इनकी बढ़ती संख्या की वजह से यह बहुतायत में मिल जाती हैं। जंगलों से लेकर खेतों तक यह हर जगह नजर आती हैं। इसके अलावा इन बिल्लियों को रोगजनक भी माना जाता है। पोटाका ने कहा कि यह बिल्ली टॉक्सोप्लाजमोसिस नामक बीमारी फैलाती है, जो इंसानों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती है और इसके अलावा दुधारू पशुओं को भी नुकसान पहुंचाती है। इन्हीं कारणों की वजह से इन्हें प्रिडेटर फ्री 2050 की सूची में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड की सरकार ने यह कार्यक्रम अपने यहां की जैव विविधता के लिए खतरा बनने वाली आक्रामक प्रजातियों को खत्म करने के लिए बनाया था।

# पाकिस्तान से बढ़ रही रूस की करीबी?: दोनों देशों में व्यापार-ऊर्जा सहयोग पर सहमति




**इस्लामाबाद, एजेंसी।** रूस और पाकिस्तान के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर सहमति बनी है। दोनों देशों ने इस बीच कई अहम ज्ञापन समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। बताया गया है कि दोनों देशों के बीच यह समझौते पाकिस्तान-रूस अंतरसरकारी आयोग (आईजीसी) की 10वीं बैठक में हुए। बैठक की सह-अध्यक्षता पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्री अवैस लेघारी और रूस के मंत्री सर्गेई सिविलेव ने की। पाकिस्तान के द डॉन अखबार के मुताबिक, दोनों देशों के बीच जिन तीन अहम एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, उनमें- गुणवत्ता मानकों, एकाधिकार-विरोधी नियामक और मीडिया और पेशेवर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के एमओयू शामिल रहे। इसके अलावा दोनों पक्षों ने व्यापार बढ़ाने, निर्यात पोर्टफोलियो में विविधता लाने और व्यापारिक संपर्क मजबूत करने को लेकर हुई चर्चाओं पर भी संतुष्टि जताई। पाकिस्तानी कपड़ा उद्योग, खेल उत्पाद, आईटी सेवाएं, इंजीनियरिंग उत्पाद और कृषि वस्तुओं को रूस में बेहतर बाजार पहुंच दिलाने पर भी बात हुई। इसी के साथ दोनों ने माल ढुलाई के लिए संचालन व्यवस्था शुरू करने से जुड़ी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर भी बात की। रूस और पाकिस्तान के बीच तेल और गैस क्षेत्रों में प्रगति, एलएनजी-एलपीजी सप्लाई फ्रेमवर्क और तकनीकी सहयोग पर विस्तार से बात हुई। नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोपावर और जल प्रबंधन तकनीकों, खासतौर पर बाढ़ प्रबंधन पर भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।

**फार्मा, स्टील और तकनीकी क्षेत्रों पर चर्चा :** बैठक में फार्मास्यूटिकल क्षेत्र को लेकर भी बात हुई। खासकर इंसुलिन उत्पादन के पर बातचीत की गई। साथ ही पाकिस्तान स्टील मिल्स की आधुनिकीकरण की योजना और भारी मशीनरी, खनन और उन्नत विनिर्माण में साझेदारी की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। दोनों देशों ने वैज्ञानिक, शैक्षणिक और तकनीकी सहयोग की अहमियत को स्वीकार करते हुए इस्लामाबाद और कराची में रूसी भाषा केंद्र स्थापित करने की पहल का स्वागत किया। इसके अलावा दोनों में युवा कार्यक्रमों, स्कूल साझेदारी, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और मीडिया सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई।

# टोक्यो को पछाड़ जकार्ता बना दुनिया का सबसे बड़ा शहर, दिल्ली टॉप 3 से बाहर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दुनिया के नक्शे पर शहर अब सिर्फ इमारतों का समूह नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की धड़कन बन चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट वर्ल्ड अर्बनाइजेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2025 ने एक ऐसी तस्वीर पेश की है जो न केवल वर्तमान को दर्शाती है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी उजागर करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता अब दुनिया का सबसे बड़ा शहर बन गया है, जिसकी आबादी लगभग 4.2 करोड़ है। यह खिताब दशकों से जापान की राजधानी टोक्यो के पास था, लेकिन अब टोक्यो तीसरे नंबर पर खिसक गया है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका दूसरे स्थान पर काबिज है, जबकि भारत की राजधानी दिल्ली टॉप-3 से बाहर हो गई है। यह बदलाव सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है। यह वैश्विक शहरीकरण की उस लहर का प्रमाण है जो एशिया को केंद्र में ला रही है। रिपोर्ट बताती है कि 2025 में दुनिया की 8.2 अरब आबादी का 80 प्रतिशत शहरों में रहता है- यह 1950 के कई गुना ज्यादा है। मेगासिटीज (1 करोड़ से अधिक आबादी वाले शहर) की संख्या 1975 के महज 8 से बढ़कर 33 हो गई है, जिनमें से 19 एशिया में हैं।

**शहरों की यात्रा प्राचीन काल से आधुनिक युग तक :** शहरों का इतिहास मानव सभ्यता का आईना है। लगभग 9000 वर्ष पूर्व, जब कृषि क्रांति ने शिकार-संघर्ष के जीवन को बदल दिया, तब शहरों का जन्म हुआ। संयुक्त राष्ट्र और इतिहासकारों जैसे टर्टियस चैंडलर व जॉर्ज मॉडेलस्की के अनुमानों के अनुसार, 7000 ईसा पूर्व में फिलिस्तीन का जेरिको दुनिया का सबसे बड़ा शहर था, जहां मात्र 1000-2000 लोग रहते थे। यह एक प्रोटो-सिटी था- दीवारों से घिरा, जहां कृषि ने अतिरिक्त भोजन पैदा किया और जनसंख्या बढ़ी। समय के साथ, शहर साम्राज्यों के केंद्र बने। 3100 ईसा पूर्व से



2240 ईसा पूर्व तक मिस्त्र का मेम्फिस सबसे बड़ा शहर रहा, आबादी लगभग 30,000। फिर मेसोपोटामिया का अक्कड़ (अब इराक) उभरा। रोमन साम्राज्य के चरम पर, 100 ईस्वी में रोम की आबादी 10 लाख तक पहुंच गई- यह यूरोप का पहला मिलियन-प्लस शहर। लेकिन मध्ययुग में एशिया ने कमान संभाली। 9वीं शताब्दी में बगदाद (इराक) पहला आधुनिक मिलियन-सिटी बना, जहां अब्बासिद खलीफा के दरबार ने विज्ञान, कला और व्यापार को पोषित किया। 19वीं शताब्दी में औद्योगिक क्रांति ने यूरोप को आगे बढ़ाया। 1800 में लंदन दुनिया का सबसे बड़ा शहर था (लगभग 9 लाख), लेकिन 1900 तक न्यूयॉर्क ने इसे पीछे छोड़ दिया। एशिया फिर लौटा: 1950 में टोक्यो पहले नंबर पर था। संयुक्त राष्ट्र के डेटा से पता चलता है कि 1950-2000 के बीच शहरों की आबादी 7.7 करोड़ से कहीं आगे बढ़ी, लेकिन अब एशिया का दबदबा है।

**2025 की टॉप-10 लिस्ट: एशिया का प्रभुत्व :** वर्ल्ड अर्बनाइजेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2025 ने एक नई विधि अपनाई है- डिग्री ऑफ अर्बनाइजेशन (ष्ठश्चत्रक्क) जो भौगोलिक डेटा (जैसे ग्लोबल ह्यूमन सेटलमेंट लेयर) पर आधारित है। यह राष्ट्रीय सीमाओं की बजाय घनी बस्तियों (1,500 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी से अधिक) को मापती है, जिससे आंकड़े अधिक तुलनीय बने। पुरानी रिपोर्टों में टोक्यो टॉप पर था, लेकिन नई विधि ने जकार्ता को आगे दिखाया।

**2025 की दुनिया की सबसे बड़ी 10 अर्बन एग्लोमरेशन्स (शहरी समूह) की सूची इस प्रकार है:** पहला स्थान इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता का है, जहां 41.9 मिलियन यानी लगभग 4 करोड़ 19 लाख लोग रहते हैं; दूसरे नंबर पर बांग्लादेश की ढाका है, जिसकी आबादी 36.6 मिलियन या 3 करोड़ 66 लाख है; तीसरा स्थान जापान के टोक्यो का है, जो 33.4 मिलियन (3 करोड़ 34 लाख) लोगों का घर है; चौथे पर भारत की नई दिल्ली 30.2 मिलियन (3 करोड़ 2 लाख) के साथ; पांचवें स्थान पर चीन का शंघाई 29.6 मिलियन (2 करोड़ 96 लाख) आबादी वाली; सातवें पर फिलीपींस का मनीला 24.7 मिलियन दसवें नंबर पर मिस्त्र का काहिरा 23 मिलियन (2 करोड़ 3 लाख) लोगों के साथ। यूएन के अनुसार, 2.3 करोड़ लोगों की आबादी के साथ, मिस्त्र का काहिरा टॉप 10 में अकेला ऐसा शहर है जो एशिया से बाहर है।

# टीम इंडिया बनाम साउथ अफ्रीका वनडे सीरीज का आगाज आज से

## - फैंस उत्साहित एक बार फिर मैदान पर दिखेगी रोहित और विराट की जोड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 30 नवंबर से शुरू होने जा रही है। इस सीरीज का पहला मुकाबला रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले टेस्ट सीरीज में साउथ अफ्रीका ने भारत को 0-2 से क्लीन स्वीप किया था, ऐसे में भारतीय टीम की नजरें अब वनडे सीरीज में वापसी और बेहतर प्रदर्शन करने पर टिकी हैं।

भारतीय टीम इस सीरीज में नियमित कप्तान शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण केएल राहुल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगी। वहीं, फैंस रोहित शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी को एक बार फिर मैदान पर देखने को लेकर उत्साहित हैं। इस जोड़ी की वापसी से टीम इंडिया के बल्लेबाजी क्रम में अनुभव और मजबूती आने की उम्मीद जताई जा रही है, जो इस सीरीज में बड़े मैचों में निर्णायक साबित हो सकती है।

पहला मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा, जबकि टॉस के लिए दोनों कप्तान 1 बजे मैदान पर उतरेंगे। रांची का यह मुकाबला भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए रोमांचक होने वाला है, क्योंकि टीम इंडिया यहां अपनी वनडे ताकत का प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका के खिलाफ जीत दर्ज करने का प्रयास करेगी।

भारत को इस सीरीज में संतुलित बैटिंग और गेंदबाजी प्रदर्शन दिखाना होगा। वहीं, साउथ अफ्रीका भी टेस्ट सीरीज की हार के बाद सुधार और जीत की कोशिश करेगी, जिससे मुकाबले में रोमांच और बढ़ जाएगा। यह सीरीज क्रिकेट प्रेमियों के लिए खिलाड़ियों की फार्म और रणनीति को परखने का शानदार अवसर होगी। तीन मैचों की इस वनडे सीरीज में रांची के पहले मैच से ही हाई-टेंशन क्रिकेट देखने को मिलेगा। टीम इंडिया की रणनीति, खिलाड़ियों की फार्म और मैच के दौरान होने वाले रोमांचक पल इस सीरीज को विशेष बनाएंगे। वनडे सीरीज में प्रदर्शन के आधार पर भारत और साउथ अफ्रीका की आगामी दौड़ और रणनीतियों का भी अंदाजा लगाया जा सकेगा।



### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** -रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, केएल राहुल (कप्तान, विकेट कीपर), ऋषभ पंत (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल

**साउथ अफ्रीका** - टेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, डेवाल्ड ब्रेविस, नंद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी ज़ोरज़ी, रुबिन हरमन, केशव महाराज, मार्को जेनसेन, एडेन मार्करम, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेल्टन, प्रेनेलन सुब्रयान

# डब्ल्यूपीएल 2026: एमआई और आरसीबी से शुरू होगा नया सीजन, फाइनल वडोदरा में




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 का आगाज़ 9 जनवरी को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दो बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) और 2024 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मैच से होगा। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शनिवार को इस सीजन का शेड्यूल जारी किया। उन्होंने बताया कि नवी मुंबई में दो डबल-हेडर मुकाबले होंगे, जबकि फाइनल मुकाबला 5 फरवरी को वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेला जाएगा।

डब्ल्यूपीएल 2026 के पहले चरण में 9 से 17 जनवरी तक नवी मुंबई में कुल 11 मुकाबले होंगे। इसके बाद शेष 11 मैच वडोदरा में खेले जाएंगे, जिनमें प्लेऑफ भी शामिल हैं। वडोदरा लेग का आगाज़ गुजरात जायंट्स और आरसीबी के बीच मुकाबले से होगा। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच 2025 के फाइनल का री-मैच भी होगा। मुंबई इंडियंस इस सीजन डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतर रही है, जबकि आरसीबी खिताब जीतने वाली दूसरी टीम है। लीग स्टेज 1 फरवरी को समाप्त होगी। इसके बाद दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में हिस्सा लेंगी, जबकि टेबल टॉपर सीधे 5 फरवरी को फाइनल में पहुंचेगी। डब्ल्यूपीएल 2026 का यह नया सीजन खिलाड़ियों और फैंस दोनों के लिए रोमांचक रहने वाला है, जिसमें नवी मुंबई और वडोदरा दोनों ही स्थानों पर हाई-टेंशन मुकाबले देखने को मिलेंगे।

**नवी मुंबई लेग**

9 जनवरी : मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
10 जनवरी : यूपी वॉरियर्स बनाम गुजरात जायंट्स
10 जनवरी : मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स
11 जनवरी : दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात जायंट्स
12 जनवरी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम यूपी वॉरियर्स
13 जनवरी : मुंबई इंडियंस बनाम गुजरात जायंट्स
14 जनवरी : यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स
15 जनवरी : मुंबई इंडियंस बनाम यूपी वॉरियर्स
16 जनवरी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम गुजरात जायंट्स
17 जनवरी : यूपी वॉरियर्स बनाम मुंबई इंडियंस
17 जनवरी : दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**वडोदरा लेग**

19 जनवरी : गुजरात जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
20 जनवरी : दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस
22 जनवरी : गुजरात जायंट्स बनाम यूपी वॉरियर्स
24 जनवरी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स
26 जनवरी : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम मुंबई इंडियंस
27 जनवरी : गुजरात जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स
29 जनवरी : यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
30 जनवरी : गुजरात जायंट्स बनाम मुंबई इंडियंस
1 फरवरी : दिल्ली कैपिटल्स बनाम यूपी वॉरियर्स
3 फरवरी : एलिमिनेटर
5 फरवरी : फाइनल

# आईपीएल नीलामी से पहले पृथ्वी शॉ का धमाका

### –सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में तूफानी फिफ्टी के साथ किया कमबैक का ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनका बल्ला अभी भी आग उगलने के लिए तैयार है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में शॉ ने महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए हैदराबाद के खिलाफ सिर्फ 23 गेंदों में तूफानी अर्धशतक जड़कर सबको चौंका दिया। इस विस्फोटक पारी की बदौलत महाराष्ट्र को आसान जीत मिली, वहीं शॉ ने आईपीएल नीलामी से पहले फ्रेंचाइजियों का ध्यान एक बार फिर अपनी ओर खींच लिया।



हैदराबाद द्वारा दिए गए 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पृथ्वी शॉ ने क्रीज पर आते ही आक्रामक रुख दिखाया। उन्होंने अपनी 36 गेंदों की पारी में 9 चौके और 3 छक्के जड़ते हुए कुल 66 रन बनाए। शॉ ने अर्शिन कुलकर्णी के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 117 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की और टीम को जीत की मजबूत नींव दी। यह उनके करियर का महाराष्ट्र के लिए पहला टी20 अर्धशतक रहा। ऋतुराज गायकवाड़ की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी कर रहे शॉ पर दबाव था, लेकिन उन्होंने शानदार अंदाज में खुद को साबित किया। पिछले आईपीएल ऑक्शन में अनसोल्ड रहने के बाद पृथ्वी शॉ ने घरेलू क्रिकेट में जोरदार वापसी की है। मुंबई की टीम से हटने के बाद उन्होंने महाराष्ट्र की ओर से खेलना शुरू किया है और रणजी ट्रॉफी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी यह पारी बताती है कि वह एक बार फिर बड़े मंच पर वापसी को तैयार हैं।

एक समय भारतीय क्रिकेट का भविष्य माना जा रहे पृथ्वी शॉ को पिछले साल किसी भी आईपीएल टीम ने नहीं खरीदा था। लेकिन अब सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उनका शानदार प्रदर्शन आईपीएल फ्रेंचाइजियों के लिए मजबूत संदेश है। आगामी आईपीएल 2026 ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में आयोजित किया जाएगा, और शॉ अपने प्रदर्शन से टीमों की नजरों में जगह बनाना चाहते हैं। लगातार तीसरे वर्ष विदेश में होने वाला यह ऑक्शन रोचक होगा, और पृथ्वी शॉ के लिए यह स्वयं को साबित करने का बड़ा मौका है।

# विराट कोहली के निशाने पर सचिन तेंदुलकर के दो वर्ल्ड रिकॉर्ड

### –सिर्फ एक शतक से बना देंगे नया इतिहास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज रविवार, 30 नवंबर से शुरू होने जा रही है और पहला मुकाबला रांची में खेला जाएगा। इस हाई-वोल्टेज सीरीज में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर सुर्खियों में होंगे, क्योंकि उनके सामने दो बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को तोड़ने का सुनहरा मौका होगा। ये दोनों रिकॉर्ड महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज हैं, जिन्हें कोहली सिर्फ एक शतक लगाकर पीछे छोड़ सकते हैं। फैंस की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि क्या किंग कोहली रांची में इतिहास रचते हुए मास्टर ब्लास्टर का रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे।

पहला रिकॉर्ड किसी भी एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का है। इस समय विराट कोहली वनडे क्रिकेट में 51 शतक जड़ चुके हैं, जो सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी है। सचिन ने अपने करियर में टेस्ट क्रिकेट में 51 शतक लगाए, जबकि कोहली के ये 51 वनडे में हैं। जैसे ही कोहली एक और सेंचुरी बनाएंगे, वह दुनिया के पहले ऐसे क्रिकेटर बन जाएंगे जिन्होंने किसी भी एक फॉर्मेट में 52 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हों। यह उपलब्धि उन्हें न केवल क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े बल्लेबाजों में और आगे स्थापित करेगी, बल्कि वनडे फॉर्मेट में उनकी बादशाहत भी और मजबूत करेगी।

दूसरा रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने का है। इस सूची में अभी तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर, जिनके नाम 5-5 शतक दर्ज हैं। हालांकि सचिन और वॉर्नर अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, ऐसे में कोहली के सामने इस मामले में अकेले रिकॉर्ड होल्डर बनने का शानदार अवसर है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक और सेंचुरी कोहली को इस टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा 6 शतक लगाने वाला अद्वितीय बल्लेबाज बना देगी।

आईसीसी वर्ल्ड कप 2025 में भारत को शानदार सफलता दिलाने के बाद कोहली की फॉर्म पहले से ज्यादा मजबूत नजर आ रही है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके आंकड़े भी बेहद प्रभावशाली रहे हैं, और ऐसे में उम्मीद है कि रांची की पिच पर वह एक बार फिर अपने अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए नए इतिहास की इबारत लिखेंगे। भारतीय फैंस उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं कि क्या रविवार का मुकाबला क्रिकेट की किताब में विराट अध्याय जोड़ पाएगा।



# रोहित–विराट की वापसी से मैदान में बनेगी खास ऊर्जा : साउथ अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा

रांची।भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रविवार को तीन वनडे मैचों की सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। पहला मुकाबला रांची में खेला जाएगा।सीरीज से पहले दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेंबा बावुमा ने रोहित शर्मा और विराट कोहली की मैदान पर वापसी को लेकर बड़ा बयान दिया है। कप्तान बावुमा का मानना है कि इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के आने से मैच का रोमांच कई गुना बढ़ जाएगा और स्टेडियम में ऊर्जा का अलग ही होगी।एक वीडियो में बावुमा ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह बेहद रोमांचक है, खासकर भारतीय फैंस के लिए होगा। दो दिग्गज खिलाड़ी वापस आ रहे हैं। वे लंबे समय बाद भारत की धरती पर खेल रहे हैं।जब ये दोनों खिलाड़ी मैदान पर मौजूद होते हैं, तब उस ऊर्जा का हिस्सा बनना हमारे लिए भी खास होता है। हम इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।' बावुमा ने बताया कि उनकी टीम रोहित और विराट की मौजूदगी से दबाव महसूस नहीं कर रही, बल्कि तैयारियों में और फोकस जोड़ रही है। हम जानते हैं कि मैदान पर माहौल अलग होगा, लेकिन यह अनुभव उतना ही रोमांचक रहेगा।कप्तान के तौर पर मेरी भूमिका वही रहेगी बल्ले से योगदान देना और टीम को रणनीति के अनुसार लीड करना।' बता दें कि रोहित और कोहली ने आखिरी बार अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज खेली थी।इसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि यह जोड़ी आगामी वनडे वर्ल्ड कप में नहीं खेलेगी, हालांकि प्रशंसकों का विश्वास है कि 'रो–को' फिर भारत की चुनौती को मजबूत करेगी।



# सुल्तान अजलान शाह कप: भारत ने कनाडा को 14-3 से हराकर फाइनल में बनाई जगह

**इपो (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कनाडा को 14-3 से रौंदते हुए पूल की शीर्ष स्थिति हासिल की और सुल्तान अजलान शाह कप के फाइनल में प्रवेश किया। जुगराज सिंह ने चार गोल किए और शानदार प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले भारत को टूर्नामेंट में केवल बेल्जियम से एक गोल से हार मिली थी, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-2 की रोमांचक जीत ने टीम का मनोबल बढ़ा दिया। भारत रविवार को फाइनल में बेल्जियम से भिड़ेगा।

मैच की शुरुआत चौथे मिनट में नीलकंता शर्मा के गोल से हुई, उसके बाद 10वें मिनट में राजिंदर सिंह ने गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। कनाडा ने जल्दी गोल के जवाब में पेनल्टी कॉर्नर बनाकर 11वें मिनट में ब्रेंडन गुरालियुक के गोल से स्कोर 1-2 किया। इसके बाद 12वें और 15वें मिनट में जुगराज सिंह और अमित रोहिदास ने गोल कर भारत को 4-1 की बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भारतीय युवा खिलाड़ी दबाव में भी मजबूत रहे और कनाडाई डिफेंस को रोका। इस दौरान राजिंदर (24वें मिनट), दिलप्रीत सिंह (25वें मिनट) और जुगराज (26वें मिनट) ने गोल कर बढ़त 7-1 कर दी।



तीसरे क्वार्टर में कनाडा ने आक्रमण में बदलाव किया और 35वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से स्कोर 7-2 किया। जुगराज ने 39वें मिनट में हैट्रिक पूरी की और सेल्वम कार्थी ने 43वें मिनट में गोल कर भारत को 9-2 की शानदार बढ़त दिलाई।

अंतिम क्वार्टर केवल औपचारिकता थी, लेकिन इस दौरान सबसे ज्यादा गोल हुए। रोहिदास ने 46वें मिनट में PC गोल किया, जुगराज ने 50वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से स्कोर बढ़ाया। कनाडा ने भी 3-11 तक वापसी की, जबकि संजय (56वें मिनट) और अभिषेक (57वें और 59वें मिनट) ने गोल कर भारत को 14-3 से जीत दिलाई।

# श्रीलंका के खिलाफ उतरेगी विश्व चैंपियन भारतीय महिला टीम

### - भारत दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ 5 टी20 इंटरनेशनल मैचों की मेजबानी करेगा



नई दिल्ली ।वनडे वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम एक बार फिर मैदान पर अपने जौहर का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।बीसीसीआई ने शुक्रवार को आगामी होम सीरीज का ऐलान करते हुए बताया कि भारत दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ 5 टी20 इंटरनेशनल मैचों की मेजबानी करेगा।यह वही भारतीय टीम है, जिसने इसी महीने पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप जीतकर पूरे देश को गर्व से भर दिया था।वर्ल्ड कप जीत के बाद यह भारतीय टीम की पहली अंतरराष्ट्रीय सीरीज होगी, जिसे लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है।दिसंबर में पहले भारत और बांग्लादेश के बीच सीरीज प्रस्तावित थी, लेकिन दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण उसे स्थगित कर दिया गया। इसके बाद बीसीसीआई और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने मिलकर नई सीरीज का शेड्यूल तैयार किया और 5 मैचों की टी20 सीरीज पर सहमति बनी।यह सीरीज भारतीय टीम के लिए बेहद अहम मानी जा रही है, क्योंकि अगले साल फरवरी–मार्च में भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी, जहां दोनों देशों के बीच 1 टेस्ट, 2 टी20 और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे।ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ ये मुकाबले खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के लिए बेहतर तैयारी का अवसर देंगे।साथ ही यह सीरीज महिला प्रीमियर लीग 2026 (डब्ल्यूपीएल 2026) से पहले अपने प्रदर्शन को निखारने और टीम संयोजन मजबूत करने के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगी। भारत–श्रीलंका टी20 सीरीज विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में आयोजित की जाएगी।पहला मैच 21 दिसंबर को विशाखापत्तनम के डॉक्टर वाईएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला भी वहीं 23 दिसंबर को होगा।तीसरा टी20 26 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा और इसके बाद चौथा और पांचवां मैच क्रमश: 28 और 30 दिसंबर को वहीं आयोजित होंगे।वर्ल्ड कप जीत से उत्साहित हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारतीय टीम अपनी लय बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी, वहीं श्रीलंका की टीम 2026 के व्यस्त सीजन से पहले शानदार प्रदर्शन के जरिए आत्मविश्वास मजबूत करना चाहेगी।कई अहम खिलाड़ियों की वापसी और युवा प्रतिभाओं की मौजूदगी इस सीरीज को रोमांचक बना देगी।

# आईपीएल 2026: रवि बिश्नोई की अगली टीम पर अटकलें तेज, चहल की लाइव चैट ने बढ़ाई चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की नीलामी नजदीक आते ही युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की नई टीम को लेकर अटकलें तेजी से बढ़ गई हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा रिलीज़ किए जाने के बाद अब यह चर्चा गर्म है कि आखिर आगामी सीजन में वह किस फ्रेंचाइजी के साथ मैदान पर उतरेंगे। अब तक के आईपीएल करियर में बिश्नोई ने 72 से अधिक विकेट हासिल किए हैं और बीच के ओवरों में रन रोकने तथा लगातार विकेट निकालने की क्षमता ने उन्हें टूर्नामेंट के सबसे अहम भारतीय गेंदबाजों में शामिल किया है। यही कारण है कि कई टीमें उन पर बड़ा दांव लगाने के लिए तैयार दिखाई दे रही हैं। इस बीच, टीम इंडिया और आईपीएल स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल ने सोशल मीडिया पर एक इंस्टाग्राम लाइव के दौरान उनकी भविष्य की फ्रेंचाइजी को लेकर हल्के-फुल्के अंदाज़ में टिप्पणी की, जिसने चर्चा को और हवा दे दी। बातचीत में चहल ने मुस्कुराते हुए कहा 'बिश्नोई, मुझे फीलिंग आ रही है कि तू राजस्थान रॉयल्स जाएगा आईपीएल में।' जवाब में बिश्नोई ने भी मज़ेदार अंदाज़ में कहा 'तो बस आपकी फीलिंग के खिलाफ थोड़ी न जाएंगे।' इस संवाद के बाद सोशल मीडिया पर बिश्नोई को राजस्थान रॉयल्स जॉइन करने की संभावना को लेकर कयासों की बाढ़ आ गई है। चहल ने मज़ाक जारी रखते हुए बिश्नोई को चेतावनी भी दे डाली 'जा भाई, वरना मेरी तरह डोमेस्टिक ही खेलता रह जाएगा।' इस हल्की-फुल्की नोकझोंक ने फैंस का खूब मनोरंजन किया और कमेंट सेक्शन में लोगों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि चहल की बातें कहीं वास्तविक संकेत तो नहीं?

हालांकि पिछले सीजन में बिश्नोई का प्रदर्शन उम्मीदों के अनुसार नहीं रहा था, लेकिन बिश्नोई की स्ट्राइक-रेट, तेज़ी से बॉल को टर्न कराने की क्षमता और डेथ ओवर्स तक गेंदबाजी करने का आत्मविश्वास उन्हें हर टीम की प्राथमिकता बना सकता है। आईपीएल में भारतीय गुणवत्ता वाले स्पिनर्स की कमी को देखते हुए वह इस नीलामी के सबसे महंगे और चर्चित खिलाड़ियों में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, राजस्थान रॉयल्स, मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद जैसे फ्रेंचाइजी बिश्नोई पर बड़ा दांव लगा सकती हैं। अब देखना होगा कि नीलामी की तारीख आते-आते बिश्नोई किस टीम का हिस्सा बनते हैं और उनकी अगली फ्रेंचाइजी कौन सी होती है।

# वनडे सीरीज से पहले टीम इंडिया का 'कॉन्फिडेंस बूस्ट': केएल राहुल ने बताई कोहली-रोहित की अहमियत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केएल राहुल ने कहा कि 30 नवंबर से रांची के जेएससीए स्टेडियम में शुरू होने वाली भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज़ से पहले, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों की टीम में वापसी से ड्रेसिंग रूम में आत्मविश्वास का संचार हुआ है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में, केएल राहुल, जो कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में भारतीय टीम की कमान संभालेंगे, ने टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के होने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि उनकी मौजूदगी और अनुभव ड्रेसिंग रूम के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और युवा खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं।

राहुल ने कहा कि किसी भी समय उनका महत्व बहुत ज़्यादा होता है। टीम में वरिष्ठ खिलाड़ियों का होना निश्चित रूप से ड्रेसिंग रूम को और भी ज़्यादा आत्मविश्वास से भर देता है। उनकी मौजूदगी और अनुभव से ड्रेसिंग रूम के कई खिलाड़ियों और टीम को मदद मिलती है। इसलिए, हम वाकई खुश हैं कि वे यहाँ हैं। दाएँ हाथ के बल्लेबाज़ ने कहा कि जीत सबसे ज़रूरी चीज़ है। हम इसी पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहे हैं और एक हफ़्ते पहले जो हुआ उसे भूलकर कल के मैच पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहे हैं और देख रहे हैं कि हम कैसे सामूहिक प्रदर्शन कर सकते हैं जिससे हमें जीत हासिल करने में मदद मिले और फिर यहाँ से अगले मैदान पर जाकर देखें कि हम इसे फिर से कैसे कर सकते हैं और इस सीरीज़ को जीतने की कोशिश कर सकते हैं। इसलिए, यही सबसे महत्वपूर्ण चीज़ है और हम इसी के बारे में सोच रहे हैं। ज़ाहिर है, एक स्थिर टीम होने से मदद मिलती है और कुछ समान चेहरे होने से ड्रेसिंग रूम को भी मदद मिलती है।

राहुल ने विराट कोहली की स्ट्राइक रोटेट करने की क्षमता की प्रशंसा की और कहा कि वनडे और टेस्ट क्रिकेट में सिंगल लेना बाउंड्री लगाने जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कोहली इस कौशल में निपुण हैं, और युवा खिलाड़ी, जिनमें वह खुद भी शामिल हैं, अक्सर कोहली और रोहित शर्मा दोनों से स्ट्राइक रोटेशन में सुधार के बारे में सीखते हैं। उन्होंने कहा कि वनडे क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट में सिंगल लेना बाउंड्री लगाने जितना ही महत्वपूर्ण है, टी20 फॉर्मेट में शायद उतना नहीं। विराट ने अपने करियर में यह बहुत अच्छा किया है। हमने विराट को देखा है और उससे सीखने की कोशिश की है। ड्रेसिंग रूम में भी, हम सभी ने उनसे और रोहित से बात की कि हम बल्लेबाज़ के तौर पर कैसे बेहतर हो सकते हैं, कैसे हम स्ट्राइक रोटेट कर सकते हैं। ज़ाहिर है, वह वनडे क्रिकेट में ऐसा करने में माहिर हैं। इसलिए, हमें बहुत खुशी है कि वह ड्रेसिंग रूम में वापस आ गए हैं और वह यहाँ आकर ये मैच खेलने के लिए बहुत उत्साहित हैं।



वनडे सीरीज़ में, रांची में पहले मैच के बाद, दोनों टीमें रायपुर में भिड़ेंगी, उसके बाद विशाखापत्तनम में अंतिम मैच होगा। टेस्ट सीरीज़ में 2-0 की निराशाजनक हार के बाद भारतीय टीम वनडे में वापसी करना चाहेगी।

# लियोनेल मेसी अगले महीने आएंगे भारत, GOAT टूर ऑफ इंडिया 2025 में हैदराबाद भी शामिल



अर्जेंटीना।दिग्गज फुटबॉलर और विश्व कप विजेता कप्तान लियोनेल मेसी ने भारत आने की अपनी तैयारियों को लेकर बड़ा अपडेट दिया है।मेसी ने पुष्टि की है कि उनके बहुचर्चित 'GOAT Tour of India 2025' में अब हैदराबाद को भी शामिल कर लिया गया है।यह उनका भारत दौरे का चौथा पड़ाव होगा।मेसी पहले कोलकाता पहुंचेंगे, जो उनके टूर का शुरुआती शहर है।इसके बाद वे हैदराबाद आएंगे, फिर मुंबई और अंत में दिल्ली, जहां उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की संभावना है।अपने सोशल मीडिया पोस्ट में मेसी ने लिखा, 'इंडिया, आपके प्यार के लिए धन्यवाद! GOAT Tour कुछ ही हफ्तों में शुरू हो रहा है।खुशी है कि हैदराबाद को भी मेरी यात्रा में शामिल किया गया है।इंडिया, जल्द मिलते हैं!'

## विवेक चतुर्वेदी बने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के नए चेयरमैन

### आईआरएस अधिकारी चतुर्वेदी संजय कुमार अग्रवाल की जगह संभालेंगे



**नई दिल्ली** केंद्रीय सरकार ने भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के 1990 बैच के अधिकारी विवेक चतुर्वेदी को **केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। यह नियुक्ति कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के आदेश और मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की मंजूरी के बाद की गई। चतुर्वेदी संजय कुमार अग्रवाल का स्थान लेंगे, जो 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले, चतुर्वेदी सीबीआईसी के सदस्य और विभाग में प्रधान महानिदेशक (विजिलेंस) के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने राजस्व खुफिया निदेशालय में विभिन्न पदों पर काम किया है और उनके पास जांच कार्यों का व्यापक अनुभव है। नियुक्ति के साथ, विवेक चतुर्वेदी अब देश में अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क नीतियों के कार्यान्वयन और निगरानी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## एसबीआई 1 दिसंबर से बंद करेगा एमकेश फीचर

### ग्राहकों को यूपीआई, आईएमपीएस और आरटीजीएस जैसे डिजिटल विकल्पों के उपयोग की सलाह




**मुंबई** देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) अपने ग्राहकों के लिए एक बड़ा बदलाव लागू करने जा रहा है। बैंक ने घोषणा की है कि वह अपने एमकेश फीचर को 30 नवंबर के बाद पूरी तरह बंद कर देगा। यानी कि 1 दिसंबर से यह सेवा स्थायी रूप से उपलब्ध नहीं होगी। एमकेश एक डिजिटल पेमेंट सुविधा थी, जिसके जरिए ग्राहक बिना किसी बेनिफिशियरी को जोड़े केवल मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी के माध्यम से तुरंत पैसे भेज सकते थे। इस सेवा में पैसे प्राप्त करने वाले को सुरक्षित लिंक और आठ अंकों का पासकोड मिलता था, जिससे राशि किसी भी बैंक खाते में ट्रांसफर की जा सकती थी। यह सुविधा खासकर छोटे और त्वरित लेनदेन के लिए बेहद उपयोगी मानी जाती थी। हालांकि यूपीआई और आईएमपीएस विकल्प अधिक सुरक्षित और तेज़ हैं, लेकिन कुछ उपयोगकर्ताओं को अब अपनी बैंकिंग आदतों में बदलाव करना होगा। एसबीआई की यह पहल डिजिटल भुगतान प्रणाली को और अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने की दिशा में एक कदम है।

## ब्लैक फ्राइडे सेलः मॉल और ब्रांडों को बिक्री में दो अंकों की बढ़त की उम्मीद

### डीएलएफ, फीनिक्स और नेक्सस मॉल्स में सप्ताह भर चलने वाली सेल से बढ़ी ग्राहकों की संख्या



**नई दिल्ली** इस वर्ष ब्लैक फ्राइडे सेल केवल एक दिन की बिक्री नहीं रह गई है, बल्कि अब यह सप्ताह भर चलने वाला कार्यक्रम बन गया है। इसका उद्देश्य अक्टूबर के बाद आई खरीदारी की सुस्ती को खत्म करना और बाजार में उत्साह बढ़ाना है। डीएलएफ रिटेल की एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इस सेल ने मॉल्स में ग्राहकों की आवाजाही में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है और बिक्री में डबल डिजिट वृद्धि की उम्मीद है। फीनिक्स मॉल्स भी इस सप्ताहांत आधी रात तक खुले रहेंगे, जहां बेहतर शॉपिंग अनुभव ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। नेक्सस सेलेक्ट मॉल्स ने बड़े उपहार और ऐप पर बिल अपलोड करने पर दोगुना रिवॉर्ड पॉइंट जैसे ऑफ़र पेश किए हैं। अब परंपरागत इलेक्ट्रॉनिक्स और सौंदर्य उत्पादों के साथ-साथ फैशन और एक्सेसरीज में भी बिक्री में वृद्धि देखी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस सेल से मॉल्स को साल के अंत तक अच्छे कारोबार और ग्राहकों की लगातार बढ़ती संख्या का लाभ मिलेगा।

# वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की जीडीपी दूसरी तिमाही में 8.2 फीसदी उछली

**▸▸ विनिर्माण क्षेत्र की 9.1 फीसदी की छलांग से जीडीपी अनुमान से ऊपर**

**नई दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भारत की आर्थिक वृद्धि 8.2 फीसदी पर पहुंच गई, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच छह तिमाहियों में सबसे ऊंचा स्तर है। यह वृद्धि दर आधिकारिक और निजी संस्थानों द्वारा अनुमानित 7 से 7.5 फीसदी तथा भारतीय रिजर्व बैंक के 7 फीसदी अनुमान से भी काफी अधिक रही। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक कम आधार प्रभाव और सॉफ्ट डिफ्लेटर ने वृद्धि को गति दी, लेकिन सबसे बड़ा योगदान विनिर्माण क्षेत्र से मिला। विनिर्माण ने अमेरिकी शुल्क दबाव के बावजूद 9.1 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्ज कर अपनी लचीली क्षमता का प्रदर्शन किया। जुलाई-सितंबर में नॉमिनल जीडीपी 8.7 फीसदी बढ़ी, जबकि वित्त मंत्रालय ने पूरे वित्त वर्ष के लिए इसे 10.1 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। वास्तविक और नॉमिनल वृद्धि के बीच अंतर वित्त वर्ष 2020 की तीसरी तिमाही के बाद सबसे कम रहा है। नॉमिनल वृद्धि में कमी से कर संग्रह के लक्ष्य पर असर पड़ सकता है और केंद्र सरकार के लिए राजकोषीय घाटे को जीडीपी



के 4.4 फीसदी पर सीमित रखना कठिन हो सकता है। पहली तिमाही की 7.8 फीसदी वृद्धि के बाद वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में औसत जीडीपी वृद्धि 8 फीसदी रही है, जिससे अर्थशास्त्रियों ने अपने वार्षिक अनुमान संशोधित किए हैं।

## पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में मिलाजुला रुख

### जयपुर में भाव बढ़े, पटना में घटे



**नई दिल्ली** देश के प्रमुख शहरों में शनिवार को पेट्रोल की कीमतों में मिश्रित रुख देखने को मिला। कुछ शहरों में कीमतों में मामूली कटौती हुई, जबकि जयपुर में दाम बढ़ गए। तेल विपणन कंपनियां रोज सुबह 6 बजे नई दरें जारी करती हैं। शे निवार को पेट्रोल की कीमतों में प्रति लीटर 0.14 से 0.58 रुपए तक की कमी और कुछ शहरों में 0.38 रुपए तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अधिकांश शहरों में भाव स्थिर रहे। मुंबई में कीमत 103.50 और चेन्नई में 101.03 पर स्थिर रही। गुड़गांव, बैंगलोर, चंडीगढ़, हैदराबाद और लखनऊ में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। नोएडा में 0.14 और भुवनेश्वर में 0.09 रुपए प्रति लीटर की कटौती हुई। जयपुर में 0.38 की बढ़ोतरी के साथ कीमत 105.07 रुपए हो गई। पटना में सबसे बड़ा बदलाव आया, यहां 0.58 रुपए घटकर दाम 105.53 रुपए हो गए।

## कॉइन डीसीएक्स के थर्ड पार्टी डेटा प्रदाता मिक्सपैनल में सेंधमारी

### कुछ उपयोगकर्ताओं के डेटा तक पहुंच, लेकिन पासवर्ड और फंड सुरक्षित




**नई दिल्ली** भारतीय क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइन डीसीएक्स ने पुष्टि की कि उसके थर्ड पार्टी डेटा एनालिटिक्स प्रदाता मिक्सपैनल के सिस्टम में हुई सेंधमारी से कुछ उपयोगकर्ताओं का डेटा लीक हुआ है। कंपनी ने अपने उपयोगकर्ताओं को भेजे ईमेल में कहा कि सेंधमारी का कॉइन डीसीएक्स के बुनियादी ढांचे या उपयोगकर्ताओं के फंड पर कोई असर नहीं पड़ा। मिक्सपैनल ने 8 नवंबर को हुई सेंधमारी की जानकारी दी, जबकि कॉइन डीसीएक्स को इसके बारे में हाल ही सूचित किया गया। कंपनी के अनुसार, प्रभावित डेटा में उपयोगकर्ताओं के नाम और प्लेटफॉर्म पर उनके उपयोग की अवधि जैसी जानकारी शामिल हो सकती है। हालांकि, पासवर्ड, ओटीपी, सीड फ्रेज या अन्य संवेदनशील जानकारी सुरक्षित रही। कॉइन डीसीएक्स ने स्पष्ट किया कि सेंधमारी खास तौर पर उन्हें लक्षित नहीं करती थी और मिक्सपैनल के अन्य बड़े ग्राहकों को भी प्रभावित किया गया। कॉइन डीसीएक्स के पास 2 करोड़ से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं, लेकिन कंपनी ने प्रभावित उपयोगकर्ताओं की संख्या का खुलासा नहीं किया। इस घटना की पुष्टि के लिए कंपनी ने मिक्सपैनल के साथ सहयोग किया और आंतरिक सुरक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा शुरू की।

# विदेशी प्रवाह और वैश्विक रुझानों के बीच हफ्ते शेयर बाजार में रहा उतार-चढ़ाव

### बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड

**मुंबई**

बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों ने उतार-चढ़ाव का सामना किया। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही सूचकांक सप्ताह की शुरुआत में शुरुआती तेजी के साथ खुले, लेकिन घरेलू और वैश्विक कारकों के मिश्रित प्रभाव ने हफ्ते भर बाजार के रुझान को बदलते रखा। सप्ताह के पहले दिन सोमवार को आईटी शेयरों में मजबूती और वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुझानों के कारण सेंसेक्स 218 अंक और निफ्टी 69 अंक बढ़कर खुले। हालांकि, विदेशी फंडों की बिकवाली और निवेशकों की धारणा में नकारात्मक प्रभाव के चलते दिन का समापन सेंसेक्स में 331 अंक और निफ्टी में 108 अंक की गिरावट के साथ हुआ। मंगलवार को घरेलू बाजार पर बिकवाली का दबाव बढ़ा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 125 अंक और निफ्टी 35 अंक गिर गए। दिन के अंत में सेंसेक्स 313 अंक और निफ्टी 93 अंक की गिरावट के साथ बंद हुए, जिससे लगातार दूसरे दिन लाल निशान पर बंद होने से निवेशकों की चिंता बढ़ी। बुधवार को तीन दिन की गिरावट के बाद बाजार ने मजबूती दिखायी। वैश्विक बाजारों में तेजी और ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह ने सेंसेक्स को 1022 अंक और निफ्टी को 320 अंक की बढ़त दिलाई। गुरुवार को सेंसेक्स 86,000 के पार और निफ्टी 26,295 के सर्वकालिक उच्च स्तर तक पहुंचकर इतिहास रचा। हालांकि, शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के दबाव में शुरुआती तेजी के बावजूद




सेंसेक्स 14 अंक और निफ्टी 13 अंक की गिरावट के साथ सप्ताह का समापन हुआ। बीते सप्ताह के रुझानों से स्पष्ट होता है कि भारतीय शेयर बाजार विदेशी निवेश और वैश्विक आर्थिक संकेतकों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। शुरुआती तेजी के बावजूद विदेशी फंडों की निकासी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुद्रास्फीति व तेल कीमतों में बदलाव सीधे बाजार पर प्रभाव डालते हैं। निवेशकों के लिए यह सप्ताह सावधानी और रणनीति दोनों का संकेत देता है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द संभव

### जवाबी शुल्क पर समाधान अंतिम चरण में

**नई दिल्ली**

भारत को उम्मीद है कि वर्ष के अंत तक अमेरिका के साथ संरचनात्मक व्यापार समझौता अंतिम रूप ले सकता है। दोनों देशों ने पिछले कुछ महीनों में वार्ताकार स्तर पर अधिकांश विवादित मुद्दों को सुलझा लिया है, जिनमें भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत के जवाबी शुल्क भी शामिल हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने फिक्की की 98वीं वार्षिक आम बैठक में बताया कि समझौता तभी सार्थक होगा जब अमेरिकी पक्ष भारतीय निर्यात पर लगाए गए दो तरह के शुल्कों 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क और रूसी तेल की खरीद से जुड़े 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क दोनों का समाधान करे। ये शुल्क अगस्त से लागू हुए थे और भारतीय निर्यातकों पर भारी बोझ डाल रहे हैं। अग्रवाल के अनुसार भारत और अमेरिका दो समानांतर ट्रैक पर बातचीत कर रहे हैं। पहला, व्यापक द्विपक्षीय व्यापार करार है, जिसे पूरा होने में समय लगेगा। दूसरा, संरचनात्मक व्यापार समझौता है जिसका उद्देश्य भारतीय निर्यात पर लगे कुल 50 प्रतिशत शुल्क बोझ को कम करना है। उन्होंने कहा कि लगभग आधा दर्जन दौर की वार्ता हो चुकी है और अब बहुत कम मुद्दे बचे हैं, जिनमें से कुछ पर राजनीतिक स्तर पर अंतिम निर्णय लिए जाने की आवश्यकता है।



अक्टूबर में वाशिंगटन में अनौपचारिक दौर के बाद अब अमेरिकी अधिकारियों की टीम आगे की बातचीत के लिए नई दिल्ली आ सकती है।

## अक्टूबर में हवाई यात्रा की मांग 6.6 फीसदी बढ़ी

### हवाई माल परिवहन भी लगातार आठवें महीने बढ़ा

**नई दिल्ली** अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2025 में वैश्विक हवाई यात्रा की मांग में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह वृद्धि राजस्व यात्री किलोमीटर (आरपीके) के आधार पर मापी गई है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा की मांग 8.5 प्रतिशत बढ़ी, जबकि घरेलू यात्रा में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। कुल क्षमता 5.8 प्रतिशत बढ़ी और लोड फैक्टर 84.6 प्रतिशत पर पहुंच गया, जो पिछले साल से 0.7 प्रतिशत अधिक है। एयरलाइंस ने अंतरराष्ट्रीय मार्गों के लिए 7.1 प्रतिशत और घरेलू मार्गों के लिए 3.6 प्रतिशत क्षमता बढ़ाई। क्षेत्रीय प्रदर्शन में पश्चिम एशिया में 10.5 प्रतिशत, अफ्रीका में 8.8 प्रतिशत, एशिया-पैसिफिक में 8.1 प्रतिशत, यूरोप में 6.7 प्रतिशत, लातिन अमेरिका और कैरिबियन में 6.1 प्रतिशत और उत्तरी अमेरिका में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आईएटीए के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि अक्टूबर का प्रदर्शन अच्छा रहा और साल के अंतिम दो महीने के लिए ट्रेंड उत्साहजनक है। शेड्यूल के अनुसार, नवंबर में सीट क्षमता 3.6 प्रतिशत और दिसंबर में 4.7 प्रतिशत बढ़ेगी। हवाई माल परिवहन की मांग में भी अक्टूबर में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो लगातार आठवें महीने दर्ज की गई है।

## आईएमएफ करेगा भारत के राष्ट्रीय लेखा डेटा की 'सी' रेटिंग का अपग्रेड

### नई राष्ट्रीय लेखा श्रृंखला और सुधारों के बाद रेटिंग में सुधार का संकेत

**नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) जल्द ही भारत के राष्ट्रीय लेखा डेटा के लिए अपनी वर्तमान 'सी' रेटिंग को अपग्रेड करने वाला है। यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब केंद्र सरकार फरवरी 2026 में खुदरा महंगाई और आर्थिक उत्पादन को ट्रैक करने के लिए नई राष्ट्रीय लेखा श्रृंखला जारी करने वाली है। आईएमएफ ने इस सप्ताह जारी रिपोर्ट में लगातार दूसरे साल भारत के डेटा को 'सी' रेटिंग दी, जो चार स्तर वाले पैमाने में दूसरा सबसे निचला स्तर है। इसका मतलब है कि आंकड़ों में कुछ कमियां हैं, लेकिन वे आर्थिक निगरानी के लिए पर्याप्त हैं। आईएमएफ के बोर्ड में कार्यकारी निदेशक ऊर्जित पटेल और अन्य अधिकारियों ने बयान में कहा कि वे पिछले परामर्श के बाद भारत के आधिकारिक आंकड़ों में सुधारों की सराहना करते हैं और फरवरी 2026 में प्रकाशित होने वाली नई डेटा श्रृंखला के बाद रेटिंग अपग्रेड की जाएगी। आईएमएफ के कर्मचारियों ने माना कि भारत में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) निर्धारित करने के तरीके में सुधार के साथ राष्ट्रीय लेखा बेंचमार्क में बदलाव की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में शामिल वस्तुओं और उनके भारांश में भी बदलाव किया जा रहा है ताकि मौजूदा उपभोग पैटर्न का बेहतर प्रतिनिधित्व किया जा सके। विशेषज्ञों के अनुसार, इस अपग्रेड से वैश्विक निवेशकों और आर्थिक विश्लेषकों के लिए



भारत के आर्थिक आंकड़ों की विश्वसनीयता बढ़ेगी। यह कदम न केवल डेटा की पारदर्शिता को बढ़ावा देता है, बल्कि भारत की आर्थिक निगरानी और नीति निर्माण में सुधार की दिशा में भी महत्वपूर्ण संकेत है।

## मेहुल चोकसी को कोर्ट से बड़ा झटका, एफईओ कार्रवाई रद्द करने की याचिका खारिज

**▸▸ ईडी के तर्कों को मानते हुए कोर्ट ने कहा, भारत में पेश हुए बिना 'रचनात्मक हिरासत' का दावा स्वीकार्य नहीं**



**नई दिल्ली**

हीरा कारोबारी और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले के मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी को एक बड़ा कानूनी झटका लगा है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने चोकसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित करने की प्रक्रिया रद्द करने की उसकी याचिका खारिज कर दी। चोकसी ने अपने वकीलों के माध्यम से तर्क दिया था कि वह वर्तमान में बेल्जियम की हिरासत में है और भारत के अनुरोध पर गिरफ्तार किया गया है, इसलिए इसे रचनात्मक हिरासत माना जाना चाहिए।

हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस तर्क का कड़े शब्दों में विरोध किया और कहा कि चोकसी विदेश में कानूनी कार्यवाही का विरोध केवल इस उद्देश्य से कर रहे हैं कि उन्हें भारत लाया न जाए। ईडी ने अदालत के सामने यह भी कहा कि जब तक चोकसी भारतीय एजेंसियों को सौंपे नहीं जाते और अदालत के समक्ष पेश नहीं होते, तब तक उन्हें एफईओ घोषित करने की प्रक्रिया कानूनी रूप से पूरी तरह उचित है। विशेष न्यायाधीश ने ईडी के तर्कों से सहमति जताते हुए चोकसी की अर्जी खारिज कर दी। अदालत ने माना कि चोकसी लगातार आपराधिक कार्रवाई से बचने की कोशिश कर रहे हैं। चोकसी ने एफईओ घोषित होने का विरोध करने के लिए अब तक 37 आवेदन दायर किए, जिन्हें अदालत ने देरी की रणनीति बताया।

ईडी ने वर्ष 2018 में चोकसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की याचिका दायर की थी। कानून के अनुसार एफईओ घोषित होने के बाद सरकार मुकदमे की शुरुआत से पहले ही आरोपी की संपत्तियां जब्त कर सकती है। चोकसी जनवरी 2018 में भारत छोड़कर विदेश भाग गया था और उस पर पीएनबी से फर्जी लेटर्स ऑफ अंडरटेकिंग जारी कर आर्थिक लाभ लेने का आरोप है।

## दिसंबर में 18 दिन बंद रहेंगे बैंक, डिजिटल सेवाएं चालू रहेंगी

**नई दिल्ली**

अगर आप दिसंबर में बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम निपटाने वाले हैं, तो पहले से योजना बना लें। आरबीआई की हॉलिडे लिस्ट के अनुसार पूरे महीने में कुल 18 दिन बैंक बंद रहेंगे। बैंक हॉलिडे कई बार रीजनल और लोकल त्योहारों से जुड़े होने की वजह से हर राज्य में अलग-अलग होते हैं इसलिए जरूरी नहीं कि पूरे 18 दिन देश भर में एक साथ बैंक बंद रहे।

जानें कब-कहां बंद रहेंगे बैंक-

**1 दिसंबर (सोमवार)** - ईटानगर और कोहिमा- उद्घाटन दिवस/स्वदेशी आस्था दिवस पर बैंक बंद

**3 दिसंबर (बुधवार)** - **गोवा:** सेंट फ्रांसिस जेवियर पर्व पर बैंक बंद

**7 दिसंबर (रविवार)** - साप्ताहिक अवकाश

**12 दिसंबर (शुक्रवार)** - **शिलांग:** पा तोगन नेंगमिनजा संगमा की पुण्यतिथि पर अवकाश

**13 दिसंबर (दूसरा शनिवार)** - पूरे देश में बैंक बंद

**14 दिसंबर (रविवार)** - साप्ताहिक अवकाश

**18 दिसंबर (गुरुवार)** - शिलांग यू सोसो थाम की पुण्यतिथि पर छुट्टी

**19 दिसंबर (शुक्रवार)** - **पणजी:** गोवा मुक्ति दिवस पर बैंक बंद

**20, 21, 22 दिसंबर (शनिवार, रविवार, सोमवार)** - **सिक्किम:** लोसूंग/नामसूंग और नए साल के उत्सव पर लगातार तीन दिन अवकाश

**24 दिसंबर (बुधवार)** - **आइजोल, कोहिमा, शिलांग:** क्रिसमस ईव पर बैंक बंद; बाकी देश में सामान्य कामकाज

**25 दिसंबर (गुरुवार)** - पूरे देश में क्रिसमस पर बैंक बंद

**26 दिसंबर (शुक्रवार)** - **आइजोल, कोहिमा, शिलांग:** क्रिसमस सेलिब्रेशन पर बैंक बंद

**27 दिसंबर (शनिवार)** - चौथा शनिवार, पूरे देश में अवकाश; कोहिमा में क्रिसमस की वजह से भी छुट्टी

**28 दिसंबर (रविवार)** - साप्ताहिक अवकाश

**30 दिसंबर (मंगलवार)** - **शिलांग:** यू कियांग नांगबाह की पुण्यतिथि पर बैंक बंद

**31 दिसंबर (बुधवार)** - **आइजोल और इंफाल:** न्यू ईयर ईव और इमोइनु इराटपा पर अवकाश

**▸▸ डिजिटल सेवाएं रहेंगी चालू- छुट्टियों के दौरान चिंता की जरूरत नहीं है क्योंकि यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल ऐप और दूसरी डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहेंगी।**

# आईपीओ से इस साल जुटाई जाएगी 1.6 लाख करोड़ से अधिक पूंजी

**▸▸ मीशो, एक्रस और विद्या वायर्स के निर्गम से यह साल आईपीओ के लिए रिकॉर्ड वर्ष बन सकता है**

**नई दिल्ली**

देश का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार इस साल नए रिकॉर्ड की ओर अग्रसर है। विशेषज्ञों के अनुसार मीशो, एक्रस और विद्या वायर्स के निर्गम पूरे होने के बाद आईपीओ के माध्यम से जुटाई गई कुल पूंजी 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। यह पिछले साल के 1.59 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को पार कर देगा। इस साल अब तक 93 कंपनियों के आईपीओ आए हैं, जो 2007 के बाद सबसे अधिक संख्या है। मीशो 5,421 करोड़ रुपये, एक्रस 922 करोड़ रुपये और विद्या वायर्स 300 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखती हैं। साल की शुरुआत में सेकंडरी बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण आईपीओ गतिविधि धीमी रही। मार्च में कोई नया आईपीओ नहीं आया, जबकि अप्रैल में केवल एक ही निर्गम हुआ। मई से बाजार में सुधार हुआ और जुलाई के बाद हर महीने 10 या उससे अधिक आईपीओ आए। विशेष रूप से, सितंबर में 24 से अधिक कंपनियों का सूचीबद्ध होना जनवरी 1997 के बाद किसी एक




महीने में सबसे अधिक था। इक्विरस कैपिटल के एक वे रिष्ठ अे धिकारी का कहना है कि इस तेजी का मुख्य कारण नए बिजनेस मॉडल वाली कंपनियों का बाजार में प्रवेश है। संस्थागत निवेशक अपने पोर्टफोलियो को नए क्षेत्रों के अनुसार अपडेट करना चाहते हैं और आईपीओ में उन्हें बड़ा हिस्सा मिलता है, जबकि सेकंडरी बाजार में यह मुश्किल होता है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
रविवार 30 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in



# इस डर से बिग बॉस 9 में एंट्री नहीं ले पाई थीं नोरा फतेही

**एक्ट्रेस-डांसर नोरा फतेही ने रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 9 में एक कंटेस्टेंट के तौर पर हिस्सा लिया था। यह शो अक्तूबर 2015 से जनवरी 2016 तक एयर हुआ था। उन्होंने शो के 58वें दिन वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री की थी। क्या आप जानते हैं कि उस समय उन्हें शुरू में मेन कंटेस्टेंट में से एक के तौर पर शामिल होने के लिए अप्रोच किया गया था? इस बारे में नोरा फतेही ने अपनी बात रखी है।**

गलतफहमी की वजह से हुआ बातचीत में नोरा फतेही ने बताया बिग बॉस ने शुरू में मुझे मेन कंटेस्टेंट में से एक बनने के लिए अप्रोच किया था। इस पर मैंने उन्हें मना कर दिया था। मुझे लग रहा था कि मैं इस तरह की चीजों के लिए तैयार नहीं हूं। यह गलतफहमी की वजह से हुआ। मुझे लगा कि लोग मुझे नहीं समझ पाएंगे। तब मैं छोटी थी और अपने आपको को समझने की कोशिश कर रही थी। मुझे लगा कि लोग अलग तरह से बर्ताव करेंगे इसलिए मैं मुसीबत में पड़ने के लिए तैयार नहीं थी।

## वाइल्ड कार्ड के जरिए हुई एंट्री

नोरा ने आगे बताया कि जब मेकर्स ने वाइल्ड कार्ड एंट्री के जरिए उन्हें अप्रोच करने की कोशिश की तो उन्होंने हां कह दी। उन्होंने कहा तो जब वे वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए वापस आए, तो मुझे लगा कि ठीक है, शायद कुछ हफ्ते लगेंगे। मैं ऐसा कर सकती थी। मैं चाहती थी कि मैं दुनिया को बता दूं कि मैं यहां हूं।

## झलक दिखला जा में जाना चाहती थीं नोरा

नोरा ने कहा बताया कि वह शो झलक दिखला जा में जाना चाहती थीं। उन्होंने सोचा कि वह अगर बिग बॉस में जाएंगी तो उन्हें झलक दिखला जा में जाने में मदद मिलेगी इसलिए वह बिग बॉस में गईं। बिग बॉस से बाहर आने के तुरंत बाद उन्हें झलक दिखला जा का कॉन्ट्रैक्ट मिल गया।




# शुभांगी अत्रे ने रिप्लेसमेंट पर तोड़ी चुप्पी

## शिल्पा शिंदे फिर बनेंगी अंगूरी भाभी



टीवी के पॉपुलर शो भाबी जी घर पर हैं में 10 साल बाद बड़ा बदलाव होने जा रहा है। शो में 10 साल से अंगूरी भाभी का रोल निभाने वाली शुभांगी अत्रे ने शो को अलविदा कह दिया है। इससे पहले एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे अंगूरी भाभी का किरदार निभाती थीं लेकिन 10 साल पहले शुभांगी ने उन्हें रिप्लेस किया था। अब खबरों की माने तो फिर से इस रोल में शिल्पा शिंदे की वापसी हो रही है। इंटरव्यू में शुभांगी ने अपनी जर्नी पर बात करते हुए कहा- मैंने हमेशा मिसेज कोहली से कहा था कि शो में मेरा सफर आन, बान और शान से शुरू होगा और वैसे ही खत्म होगा।

मैं इससे अच्छे फेयरवेल की उम्मीद नहीं कर सकती थी। मुझे क्यों रिप्लेस किया जा रहा है, उसमें उलझने का कोई मतलब नहीं है। मैं इसे एक आशीर्वाद के रूप में देखती हूं। क्योंकि एक आर्टिस्ट के रूप में, मैं नए किरदारों को तलाशना चाहती हूं। यहां से निकलने के बाद फिर से काम की तलाश करूंगी। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद, अब मैं पूरी तरह से तैयार हूं और सिर्फ अपनी बेटी और काम पर फोकस कर रही हूं। शुभांगी ने आगे कहा- '10 साल जिस शो का हिस्सा रही हूं, उसे छोड़ना इमोशनल कर रहा है। शो छोड़ना घर छोड़ने जैसा है। शूट के आखिरी दिनों में काफी इमोशनल हो गई थी। अंगूरी का किरदार मेरे लाइफ का हिस्सा बन गया था। मैं इस शो की शुक्रगुजार हूं क्योंकि इसने मुझे बहुत कुछ दिया है।' शुभांगी ने शो में शिल्पा शिंदे की वापसी पर भी बात की। उन्होंने कहा- 'मैं अब इस रिप्लेसमेंट गेम को खत्म कर रही हूं। मैंने अपनी मां से कहा कि शिल्पा ने इस शो को 9-10 महीने में छोड़ दिया था। उस वक्त मुझे ऐसा महसूस हुआ जैसे वो न्यूबॉर्न बेबी सौंपकर गई हैं। आज वो बच्चा 10 साल का हो गया है। अब मैं इसे वापस कर रही हूं। मैंने 10 साल तक उसे वैल्यू और संस्कार दिए। मैं शिल्पा शिंदे और पूरी टीम को इस शो के 2.0 वर्जन के लिए ऑल द बेस्ट कहूंगी।' शुभांगी ने छोटे पर्दे पर एकता कपूर के शो कसौटी जिंदगी की से करियर की शुरुआत की थी। उसके बाद कस्तूरी में मेन लीड में नजर आईं। इस शो से शुभांगी को काफी पॉपुलैरिटी मिली। भाबी जी घर पर हैं शो से जुड़ने से पहले शुभांगी दो हंसों का जोड़ा शो में भी नजर आई थीं।




# रणवीर सिंह की 'धुरंधर' तोड़ेगी 17 वर्षों का रिकॉर्ड!

**आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' के रिलीज का इंतजार दर्शकों को बड़ी बेसब्री से है। इस फिल्म के रन टाइम को लेकर बड़ी जानकारी आई है कि अब 17 वर्षों का रिकॉर्ड टूटने वाला है। यह फिल्म दो और तीन घंटे से भी अधिक अवधि की होने वाली है।**

## इतने घंटे की होगी फिल्म

रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'धुरंधर' की लंबाई लगभग 3 घंटे 32 मिनट बताई जा रही है। रिपोर्ट्स में कहा गया, 'अभी अंतिम रनटाइम को सीक्रेट रखा गया है। लेकिन उम्मीद है कि यह लगभग 3.5 घंटे लंबा होगा। सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट हासिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुछ दिनों में जब सीबीएफसी फिल्म को पास कर देगा, तब इसकी सही रनटाइम पता चल पाएगी।'

## अवधि लंबे होने की क्या है वजह?

आगे बताया गया कि 'फिल्म 'धुरंधर' एक लॉन्ग स्टोरी पर आधारित है। इसी वजह से इसकी अवधि लंबी है। आपको बताते चलें कि रिपोर्ट्स में उरी द सर्जिकल स्ट्राइक, आर्टिकल 370 जैसी फिल्मों का तर्क देते हुए कहा गया कि इन फिल्मों की तरह ही धुरंधर की कहानी भी दर्शकों को अंत तक बांधने वाली होगी। इसके साथ ही बता दें कि फिल्म धुरंधर को दो भागों में रिलीज किया जाएगा। ऐसी भी जानकारी है।

## 17 वर्षों का टूटेगा रिकॉर्ड

अगर यह जानकारी सच साबित होती है, तो फिल्म 'धुरंधर' लगभग 17 वर्षों में रिलीज हुई सबसे लंबी बॉलीवुड फिल्मों में से एक बनने वाली है। आखिरी फिल्म, जो लिस्ट में है। वह फिल्म जोधा अकबर है, जो साल 2008 में रिलीज हुई थी। इसका रनटाइम 3 घंटे 34 मिनट था।

## 5 दिसंबर को रिलीज होगी 'धुरंधर'

आदित्य धर द्वारा लिखित और निर्देशित 'धुरंधर' में एक भारी भरकम स्टारकास्ट नजर आने वाली है। इसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना, आर माधवन और सारा अर्जुन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'धुरंधर' 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। माना जा रहा है कि यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी।


किस किसको प्यार करूं 2

# चार पत्नियों के चक्कर में उलझे कपिल शर्मा

कॉमेडियन कपिल शर्मा की अपकमिंग फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 की रिलीज का दर्शकों को काफी इंतजार है। इससे पहले इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म किस किसको प्यार करूं का सीक्वल है। किस किसको प्यार करूं 2 के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कपिल शर्मा गलतफहमी के चलते तीन शादियां कर लेते हैं। इसके बाद वह तीनों पत्नियों की डिमांड पूरी करते-करते परेशान हो जाते हैं। तीनों पत्नियों के घर वाले कपिल शर्मा को अपना दामाद समझते हैं और उन पर अपना हक जमाते हैं। इसके बाद एक पुलिस वाला कपिल शर्मा से मिलता है। पुलिस वाला कपिल से कहता है कि वह उस इंसान की तलाश में हैं, जिसने तीन शादियां की हैं और अब चौथी करना चाहता है।

## रिवील हुई फिल्म की रिलीज की तारीख

कपिल शर्मा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 का ट्रेलर शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है चार पत्नियां। इसे घर पर करने की कोशिश न करें। यह स्टंट हमारे एक्सपर्ट




ने किया है। किस किसको प्यार करूं 2 सिनेमाघरों में 12 दिसंबर 2025 को रिलीज हो रही है।

## यूजर्स ने किए कमेंट

किस किसको प्यार करूं 2 का ट्रेलर दर्शकों को अच्छा लगा है। ट्रेलर में असरानी की झलक दिखी है। उन्होंने इस पर कमेंट किए हैं। एक यूजर ने लिखा है असरानी सर। एक और यूजर ने लिखा है असरानी को देखकर अच्छा लगा। एक और यूजर ने लिखा है ट्रेलर बहुत अच्छा है। फिल्म का इंतजार है।

# फैंस की वजह से हफ्ते में एक बार रो पड़ती हैं अनीत पड्डा

अनीत पड्डा ने हाल ही में बताया कि वह बहुत जल्दी इमोशनल हो जाती हैं। वह हफ्ते में एक बार कुछ ऐसा देख लेती हैं कि खुद को रोने से रोक नहीं पाती हैं। उनका कहना है कि इन खास चीजों में उनको प्यार महसूस होता है। जिससे उन्हें अपने काम को और बेहतर करने का दबाव भी महसूस होता है। 23 साल की अनीत ने ग्राजिया इंडिया से बातचीत में कहा, मैं बहुत संवेदनशील हूं। जो प्यार मुझे फैंस से मिल रहा है, उसके साथ न्याय करने की जिम्मेदारी कभी-कभी भारी लगती है। ये बहुत खूबसूरत है, लेकिन कई बार बहुत ज्यादा भी हो जाता है। अनीत कहती हैं कि फैंस का इतना प्यार देखकर अच्छा लगता है, लेकिन उम्मीद भी बढ़ जाती है कि वह उस प्यार के लायक बनें। यही वजह है कि फैन एडिट्स देखकर उनकी आंखें भर आती हैं।


## अनीत का करियर

अनीत ने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया। 2022 में उन्होंने काजोल के साथ फिल्म सलाम वेंकी से छोटी भूमिका निभाई, लेकिन उन्हें असली पहचान नहीं मिली। इसके बाद 2024 में अनीत ने वेब सीरीज बिग गर्ल्स डोंट क्राई में अभिनय किया, लेकिन फिर भी लोगों ने उन्हें नोटिस नहीं किया। साल 2025 में फिल्म 'सैयारा' ने उन्हें रातोंरात सुपरस्टार बना दिया। अहान पांडे के साथ फिल्म सैयारा अनीत के करियर की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई।



## अनीत का वर्कफ्रंट

अनीत पड्डा जल्द ही हॉरर-कॉमेडी फिल्म शक्ति शालिनी में नजर आएंगी। शक्ति शालिनी मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की एक आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभाएंगी। यह फिल्म दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।



# मुंबई में समझी सेफ होना कैसा महसूस होता है

**नाटक हों या विज्ञापन की दुनिया या हो फिल्में या फिर ओटीटी, निमरत कौर ने खुद को हर जगह साबित किया। द लंचबॉक्स जैसी फिल्म से सभी का दिल जीतने वाली ये एक्ट्रेस एयरलिफ्ट और दसवी जैसी फिल्मों में नजर आईं। पिछले दिनों वेब सीरीज कुल में सराही गई निमरत इन दिनों चर्चा में हैं अपनी नई वेब सीरीज द फैमिली मैन के सीजन 3 के नेगेटिव रोल से।**

**अब तक आप परदे पर काफी मजबूत महिला किरदारों में नजर आई हैं, मगर आम जिंदगी में आपको लड़कियों से जुड़ी कौन-सी बात सबसे ज्यादा परेशान करती है?**

लड़की होने के साथ जो असुरक्षा की भावना जुड़ी है, वो दुनिया के किसी भी प्रोफेशन या जगह से बड़ी है। मैं दिल्ली में पली-बढ़ी हूं, और जब मुंबई आई, तो पहली बार समझ में आया कि 'सेफ होना कैसा महसूस होता है'। और उसी समय यह सवाल और गहरा हुआ कि मुझे पहले कभी ऐसा क्यों नहीं लगा? यह मुद्दा सिर्फ दिल्ली या किसी एक शहर का नहीं। काम, समर्पण, मेहनत, ये सब हम भी उतनी ही करती हैं, जितना कोई भी इंसान करता है, फिर हम क्यों सबसे पहले खुद को सुरक्षित रखने की जद्दोजहद में लगे रहें? क्यों किसी लड़की को यह 'फायदा' लगे कि 'अच्छा है, यहां सेफ्टी ज्यादा है'? सेफ्टी कोई सुविधा नहीं, हमारा हक है। सुरक्षित रहना मेरा और हर लड़की का, जन्मसिद्ध और मौलिक अधिकार है। इस पर सवाल ही नहीं उठना चाहिए।

**एक एक्ट्रेस के रूप में आज आपके लिए रोल लिखे जाते हैं, शहर की होर्डिंग्स में आपके शोज या फिल्मों के बड़े-बड़े पोस्टर लगते हैं, मगर आपको अपने करियर का होर्डिंग पर लगा पहला पोस्टर याद है?**

बिलकुल याद है। वो पोस्टर था द लंचबॉक्स का। मुंबई के जुहू सर्कल पर हमेशा विशाल होर्डिंग्स लगते थे और किसी ने बताया कि वहां हमारी फिल्म का भी एक बड़ा सा पोस्टर लगा है। उस समय सोशल मीडिया का शोर इतना नहीं था, तो मेरे उत्साह का अंदाजा आप लगा सकते हैं। मैं बार-बार सोच रही थी, अरे, मेरा इतना बड़ा पोस्टर!' और उसे देखने खुद पहुंच गई। लेकिन जब मैंने वो होर्डिंग देखा मैं उसमें उल्टी थी! इरफान चिट्ठी पढ़ते और खाना खाते दिख रहे थे, और मेरी तस्वीर उल्टी लटक रही थी।

**आज एक तरफ आपके द्वारा किए जाने वाले शो जैसे लॉन्ग फॉरमेट कॉन्टेंट हैं और दूसरी तरफ आज 2-3 मिनट के माइक्रो ड्रामा के रूप में वर्टिकल शोज का चलन देखने को मिल रहा है, क्या कहना चाहेंगी?**

मैं आपको बताऊं, मैंने कई सालों तक विज्ञापन फिल्मों में काम किया है और उसमें तो आप 20-30 सेकेंड्स में प्रोडक्ट को बेच कर निकल जाते हैं, तो मुझे एड्स में अनुभव है, इस तरह के काम करने का। मेरा मानना है कि लॉन्ग फॉर्मेट हो या माइक्रो ड्रामा, एंगेजिंग होना चाहिए।

## खुशकिस्मत हूं कि मुझे सीरीज में नकारात्मक किरदार मिला

अदाकार के जीवन जरूर ऐसा आता है, जब वो कुछ अलग तरह की भूमिकाएं करने का इच्छुक होता है। बहुत बार ऐसा होता है कि किरदार आपको चुन रहे होते हैं न कि आप चरित्र को। मैं बहुत खुशकिस्मत मानती हूं खुद को कि मुझे इस सीरीज में नई एंट्री के रूप में एक नकारात्मक किरदार मिला है। इससे पहले भी मैं फिल्म दसवीं और कुल जैसी सीरीज में ग्रे किरदार कर चुकी हूं। मैं आपको एक दिलचस्प बात बताऊं, करियर के शुरुआती दौर में हॉलीवुड सीरीज होमलैंड में भी मेरा नेगेटिव किरदार था। किरदार पॉजिटिव हो या नेगेटिव उसे सुनकर मजा आए, तो निभाने का अलग ही मजा होता है। जाहिर है आप अपनी जिंदगी का एक बहुत बड़ा हिस्सा उस रोल को दे रहे होते हैं। मुझे साल दर साल अपनी भूमिकाओं से याद हैं कि द लंचबॉक्स मैंने 2013 में की थी, तो होमलैंड 2019 में की थी। एक एक्टर को अपना पार्ट निभाना होता है, एक शिद्दत के साथ, मगर जब आपके साथी कलाकार कमाल के हों, तो रोल को करने का मजा बढ़ जाता है। अब जैसे इस सीरीज में मैं 110 फिल्में कर चुके मनोज बाजपेयी के साथ काम करने का मौका मिला। इनके साथ काम करके बहुत कुछ सीखने को मिला कि इतना लंबा समय एक्टिंग के फील्ड में बिताने के बावजूद इनकी अप्रोच भूमिका को लेकर कितनी पैशनेट है। ऐसा लगता है जैसे उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की हो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in